डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति लम्बवार 7 को प्रकाशित, नोमल 08.11.2023 से 14.11.2023 | वर्ष-40 | अंक-27 | मूल्य ₹ 10.00

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पर उनकी फीस भरेगी सरकार

लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का मेडिकल, आई.आई.टी., आईआईएम, विधि संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश होने पर उनकी फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जाएगी। लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के लिए प्रदेश में 9 से 15 मई की अवधि में शहर और पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में बेटियों के सम्मान, मार्गदर्शन और संवाद पर केन्द्रित राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को 'हां मैं भी लाड़ली हूं' टैग लाइन दी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मियों को सम्मानित करते हुए।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना को 16 साल पूर्ण हो रहे हैं। प्रदेश में 44 लाख 85 हजार से अधिक लखपति लाड़लियों का परिवार बन गया, यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। बेटियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदला है। सभी क्षेत्रों में बेटियां अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। बेटियों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार न हो, बेटा-बेटी को समान माना जाए, इसी उद्देश्य से 16 साल पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना आरंभ की गई थी।

श्री चौहान ने कहा कि बेटियों की स्थिति में सुधार और समाज का दृष्टिकोण बदलने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना से शुरू किये गये प्रयासों की कड़ी में बालिकाओं की शिक्षा, उनके बेहतर स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के लिए प्रशिक्षण आदि के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई। बेटी का विवाह बोझ न माना जाए, इसके लिये मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आरंभ की। इन सब प्रयासों का प्रदेश में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। प्रदेश में एक हजार बेटों पर 956 बेटियां जन्म ले रही हैं। लिंगानुपात में हुआ यह सुधार समाज के बदले दृष्टिकोण का परिचायक है और यह राज्य सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों को प्रगति के सभी अवसर उपलब्ध कराने के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और स्कूल शिक्षा सहित अन्य विभागों में होने वाली भर्तियों में आरक्षण की व्यवस्था तथा पंचायत और नगरीय निकायों में महिला आरक्षण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों में भोपाल की ग्राम पंचायत रानी खजूरी की सरपंच श्रीमती आनंदी बाई यादव, ग्राम पंचायत भाटनी जिला विदिशा की सरपंच श्रीमती कैलाश बाई, सीहोर की ग्राम पंचायत फुंडरा के सरपंच श्री तेज सिंह चौहान, रायसेन की ग्राम पंचायत सीयरमऊ के सरपंच श्री रमेश शाह और राजगढ़ की ग्राम पंचायत छापरा के सरपंच श्री कैलाश राजपूत को शॉल तथा प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि ऐसी ग्राम पंचायतें जहां लाड़लियों का सम्मान हो, शत-प्रतिशत बालिकाएं स्कूल में प्रवेशित हों, सभी का टीकाकरण हो, कोई बेटी कुपोषित नहीं हो, कोई बालिका अपराध नहीं हो और जहां बाल विवाह नहीं हो, उन पंचायतों को लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायत घोषित किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाली लाड़ली बालिकाओं डाबुआ की कुमारी मुस्कान भूरिया को तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक, सिवनी की कुमारी हिमानी बघेल को राज्य स्तर पर इंस्पायर अवॉर्ड, रतलाम की कुमारी केशवी तिवारी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कराटे में और रतलाम की ही कुमारी भव्या को खो-खो में राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धि के लिए ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

भोपाल की कुमारी अनुष्का दुबे ने ताइक्वांडो में ओपन नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, उनके प्रवास पर होने से कु. अनुष्का की बहन ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने तीन बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए।

बी.टेक. के 50 विद्यार्थी आईआईटी इंदौर में करेंगे अंतिम वर्ष की पढ़ाई

भोपाल, मध्यप्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के बीटेक के 50 विद्यार्थी अंतिम वर्ष की पढ़ाई आईआईटी इंदौर में करेंगे। साथ ही उन्हें आईआईटी इंदौर में एमएस (रिसर्च) एवं एमएस (रिसर्च) + पीएच.डी. ड्यूल डिग्री करने का भी अवसर दिया जाएगा। इसका क्रियान्वयन शैक्षणिक सत्र 2023-24 से प्रारंभ किया जाएगा।

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के नियमित शिक्षकों को आईआईटी इंदौर से अंशकालीन पीएच.डी. करने का अवसर दिया जाएगा।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान द्वितीय चरण

दस मई से होगा जनसामान्य से संबंधित सेवाओं के लंबित आवेदनों का निराकरण

भोपाल, सम्पूर्ण प्रदेश में 10 से 25 मई तक मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 मई को अलीराजपुर से होगा। हमारा उद्देश्य है कि जन-सामान्य की कोई समस्या शेष न रहे और सीएम हेल्प लाइन में दर्ज सभी शिकायतों का निराकरण किया जाये। मंत्री, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी सेवा-भाव से अभियान में अपना योगदान दें, लोगों की समस्याओं का समाधान करें और प्रदेशवासियों को रामराज्य का एहसास हो, तो ही हम सबको अपने दायित्वों के शत-प्रतिशत निर्वहन का संतोष होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में अभियान के द्वितीय चरण संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के 2 घटक होंगे। पहले घटक में जन- सामान्य से संबंधित 67 सेवा के निराकरण के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, भवन अनुज्ञा, ड्राइविंग लायसेंस, वाहन पंजीयन जैसी सेवाएं सम्मिलित हैं। यह सेवाएं राजस्व, सामान्य प्रशासन, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ऊर्जा, श्रम, आदिम जाति कल्याण, उच्च शिक्षा, कृषि विपणन बोर्ड, सहकारिता, तकनीकी शिक्षा- कौशल विकास और रोजगार, उद्यानिकी तथा परिवहन विभाग से संबंधित हैं। द्वितीय घटक में सीएम हेल्प लाइन में 15 अप्रैल तक दर्ज किंतु अब तक लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।

स्कूली विद्यार्थियों के लिये

मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार योजना प्रारंभ

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल में राज्य मुक्त विद्यालयीन शिक्षा बोर्ड द्वारा स्थापित प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में राज्य स्तरीय आकलन केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कक्षा 5वीं से 12वीं तक के स्कूली विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार की घोषणा की।

श्री परमार ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों समाज में रहते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों के मन में कई तरह के नवाचार, समावेशी प्रश्न और उनके समाधान उठते हैं। बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार को समझना होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा देने के उद्देश्य से बच्चों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बच्चों में उनकी वैज्ञानिक सोच, कल्पना शक्ति एवं रचनात्मकता को व्यवहारिक रूप देने के लिए प्रदेश में पहली बार यह पुरस्कार योजना शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना बच्चों के नवाचार को अवसर और मंच प्रदान करेगी।

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों के समग्र मूल्यांकन की दृष्टि से प्रश्न-पत्र निर्धारण पद्धति को बेहतर बनाने के लिए राज्य स्तरीय आकलन केंद्र बनाया गया है। इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को प्रश्न-पत्र बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिससे शिक्षक बच्चों के लिए ऐसे प्रश्न-पत्र तैयार करें, जिनसे बच्चों में शिक्षा को लेकर जिज्ञासा एवं उत्साह का भाव जागृत हो एवं उनका वास्तविक मूल्यांकन हो सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी और अहम भूमिका शिक्षक की है। समाज का सबसे ज्यादा विश्वास शिक्षक पर होता है और यह विश्वसनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी शिक्षक की है।

मध्यप्रदेश में गठित किया जाएगा श्री रामचन्द्र पथ-गमन न्यास

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में श्री रामचन्द्र पथ-गमन वाले अंचलों के विकास के लिये "श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास" के गठन की स्वीकृति दी गई। न्यास में 33 सदस्य होंगे। इसमें 28 पदेन न्यासी और 5 अशासकीय न्यासी सदस्य होंगे। अशासकीय न्यासियों का अधिकतम कार्यकाल 3 वर्ष होगा। न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिये समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा। न्यास की संस्थागत व्यवस्था के लिए संस्कृति विभाग सक्षम होगा। न्यास के सुचारू संचालन के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी। इकाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कुल 7 पद होंगे। न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है, जिस पर एक करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक वार्षिक वित्तीय भार आयेगा।

मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुक्रम में संस्कृति विभाग के अंतर्गत संस्कृति संचालनालय द्वारा अर्थाभावग्रस्त विद्वानों, साहित्यकारों/कलाकारों और उनके आश्रितों की सहायता राशि में वृद्धि की स्वीकृति दी। प्रति परिवार कलाकार/साहित्यकार की मासिक सहायता राशि 1500 रुपये से बढ़ा कर 5 हजार रुपये की गयी है।

मंत्रि-परिषद ने चिकित्सा महाविद्यालय सागर में 150 एम.बी.बी.एस. सीट की वृद्धि की स्वीकृति दी। वर्तमान में स्नातक पाठ्यक्रम के लिये स्वीकृत 100 एम.बी.बी.एस. सीट की प्रवेश क्षमता बढ़ा कर 250 एम.बी.बी.एस. सीट की गई है। इसके लिये 200 करोड़ 31 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

29 अप्रैल

साइबर खतरे से निपटने के लिए सेना बनाएगी साइबर कमांड विंग

● भारतीय सेना साइबर युद्ध के खतरे से निपटने के लिए जुट गई है। सेना ने सैन्य कमांडर सम्मेलन में कमांड साइबर ऑपरेशंस एंड सपोर्ट विंग्स (सीसीओएसडब्ल्यू) बनाने का निर्णय लिया है। भारतीय सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सैन्य कमांडर सम्मेलन में कई अहम फैसले लिए गए हैं, जिनमें कमांड साइबर ऑपरेशंस एंड सपोर्ट विंग्स का संचालन शामिल है। इस निर्णय के तहत सेना की प्रत्येक कमान में एक साइबर विंग बनेगी जो साइबर युद्ध और साइबर हमलों से जुड़े खतरों से निपटेगी। भारतीय सेना के पास अभी तक साइबर चुनौतियों से निपटने के लिए कोई स्थापित तंत्र नहीं है। सैन्य कमांडर सम्मेलन में सेना में किए जा रहे बदलावों की समीक्षा की गई। इनमें आधुनिकीकरण, थियेटर कमान के गठन, मानव संसाधन से जुड़े मुद्दे और अन्य प्रक्रियाओं की समीक्षा भी की गई।

● ताइवान को लेकर चीन ने एक बार फिर आक्रामक रुख अपनाया है। चीन की सेना ने ताइवान के पास 38 लड़ाकू विमान और 6 युद्धक पोत भेजे हैं। इनके अलावा चीन ने ताइवान की निगरानी के लिए ड्रोन भी रवाना किये हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ताइवान स्ट्रेट के पास चीन के युद्धक विमान मंडराते नजर आये हैं, इनमें पांच एसयु-30 और दो जे-16 विमान शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि चीन दावा करता है कि ताइवान उसके राष्ट्रीय क्षेत्र का हिस्सा है, जबकि ताइवान अपने आपको पहले से ही संप्रभु राष्ट्र मानता है।

30 अप्रैल

वर्ष 2024 तक 4जी सेवा से जुड़ेंगे देश के सभी गांव

● केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 तक देश के सभी वंचित गांवों को 4जी सेवा से जोड़ने

का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री श्री देवसिंह चौहान ने दी है। श्री चौहान ने कहा कि अभी लगभग 40 हजार गांवों में 4जी नेटवर्क नहीं है। इन गांवों को 4जी सेवा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। 4जी नेटवर्क पहुंचने से इन गांवों में सामाजिक-आर्थिक बदलाव आयेगा और डिजिटल दूरी भी कम होगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने जुलाई 2022 में देशभर के गांवों में 4जी सेवाओं की पहुंच के लिए 26,316 करोड़ रुपये की एक परियोजना को मंजूरी प्रदान की थी। इस परियोजना से दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के 24,680 गांवों में 4जी सेवा उपलब्ध कराई जायेगी।

● भारतीय सेना की महिला अधिकारी अब अग्रिम मोर्चों पर तोप और रॉकेट भी चलायेंगी। सेना के इतिहास में पहली बार तोपखाना (आर्टिलरी) रेजिमेंट में पांच महिला सैन्य अधिकारियों की तैनाती की गई है। चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद महिला अधिकारियों को तोपखाना रेजिमेंट में शामिल किया गया है। सेना के अनुसार लेफ्टिनेंट महक सैनी, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे, लेफ्टिनेंट पवित्र मुदगिल, लेफ्टिनेंट अदिति यादव और लेफ्टिनेंट आकांक्षा को तोपखाना रेजिमेंट में तैनात किया गया है। इन पांच महिला अधिकारियों में से तीन अधिकारी चीन सीमा पर जिम्मेदारी संभालेंगी, जबकि दो महिला अधिकारी पाकिस्तान से लगती सीमा पर तैनात की गई हैं।

1 मई

यूक्रेन ने क्रीमिया में रूस के ईंधन डिपो पर किया ड्रोन हमला

● रूस और यूक्रेन के बीच एक वर्ष से ज्यादा समय से चल रहा युद्ध लगातार विकराल होता जा रहा है। यूक्रेन ने रूस पर एलटवार करते हुए रूसी कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र में ईंधन भंडारण केंद्र (डिपो) पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में ईंधन डिपो को काफी नुकसान पहुंचा है। रूस ने बताया कि यूक्रेन ने ड्रोन हमला क्रीमिया के सेवास्तोपोल बंदरगाह पर किया है। इस बंदरगाह पर स्थित बहुत बड़े ईंधन डिपो को काफी नुकसान पहुंचा है। इस हमले में 40 हजार टन क्षमता वाले 10 ईंधन टैंक कैरियर तबाह हो गए हैं। रूस इस ईंधन डिपो का इस्तेमाल काला सागर में अपने नौसैनिक बेड़े के लिए करता है।

● नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की प्रस्तावित भारत यात्रा आंतरिक कारणों से टल गई है। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री प्रचंड का भारत दौरा जून से पहले नहीं हो पायेगा। दिसम्बर में प्रधानमंत्री बने प्रचंड अपने पहले विदेशी दौर पर भारत की यात्रा करेंगे। यह दूसरा अवसर है जब प्रचंड की भारत यात्रा आंतरिक कारणों से स्थगित हुई है। माना जा रहा है कि नेपाल सरकार इस माह के अंत तक आगामी वित्त वर्ष के लिए बजट प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा हाल ही में नेपाल में हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को तीन में से दो सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। इन्हीं वजहों से प्रचंड की भारत यात्रा टल गई है।

2 मई

डीआरडीओ ने विमान से गिराए जाने वाले कंटेनरों का किया परीक्षण

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने हवा से गिराए जाने वाले स्वदेशी कंटेनरों का सफल परीक्षण किया है। इन एयर ड्रॉपेबल कंटेनरों की क्षमता 150 किलोग्राम है, इसीलिए इसे एडीसी-150 नाम दिया गया है। इन एडीसी-150 को डीआरडीओ ने विकसित किया है। परीक्षण के दौरान एयर ड्रॉपेबल कंटेनर को नौसेना के आईएल-38 एसडी विमान से गिराया गया। नौसेना ने कहा कि यह परीक्षण समुद्री तट से हजारों

किलोमीटर दूर तैनात जहाजों को संकट के समय तत्काल इंजीनियरिंग सामग्री और रसद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। इससे जहाजों को जरूरी सामान के लिए तट पर आने की जरूरत नहीं रहेगी।

● केंद्र सरकार ने 14 मोबाइल मैसेजिंग एप्स पर प्रतिबंध लगाया है। इन मैसेजिंग एप का इस्तेमाल आंतकी गतिविधियों में किया जा रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी जम्मू और कश्मीर में अपने साथियों को संदेश भेजने और चैटिंग करने के लिए इन मैसेजिंग एप्स का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि होने के बाद केंद्र सरकार ने इन एप्स को प्रतिबंधित करने का फैसला लिया है। सरकार ने कहा कि इन एप्स के डेवलपर्स भारत में नहीं हैं साथ ही इन्हें भारत से ऑपरेट भी नहीं किया जा रहा है। इन एप्स को इस तरह से डिजाइन किया गया कि इन्हें ट्रैक नहीं किया जा सकता है। इसीलिए इन मैसेजिंग एप्स पर प्रतिबंध लगाया गया है।

3 मई

ई-गवर्नेंस के लिए सरकार बनायेगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम

● केंद्र सरकार ने ई-गवर्नेंस मॉडल में नई क्रांति लाने के लिए एक योजना बनाई है। इस योजना के तहत देश में जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इकोसिस्टम बनाया जायेगा। योजना के तहत सभी सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में उपलब्ध डाटा का सुपरफास्ट मॉडल टूल्स के द्वारा कभी भी विश्लेषण हो सकेगा। सरकार ने इस प्रोजेक्ट का नाम इंडिया-एआई रखा है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 1625 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस इकोसिस्टम में केंद्र और राज्यों के सभी विभागों के पास उपलब्ध सभी तरह के डाटा का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इस इकोसिस्टम को लागू करने के लिए देश के तीन विश्वविद्यालयों में अलग-अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए गए हैं।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने हायर पेंशन का विकल्प चुनने की समय-सीमा में वृद्धि की है। पहले यह समय-सीमा 3 मई तक थी, जिसे अब बढ़ाकर 26 जून 2023 कर दिया गया है। ईपीएफओ ने कहा कि कर्मचारियों, नियोक्ताओं और उनके संगठनों से आयी मांगों पर विचार करने के बाद समय-सीमा को बढ़ाया गया है। इससे पेंशनधारियों और अंशधारकों को हायर पेंशन आवेदन करने के लिए समय मिल सकेगा। ईपीएफओ ने कहा कि अब तक 12 लाख लोगों ने हायर पेंशन के लिए आवेदन किया है।

4 मई

सेना ने पूर्वी सेक्टर में किया बुलंद भारत अभ्यास

● चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना ने पूर्वी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे ऊंचे आर्टिलरी रेंज क्षेत्र में एक एकीकृत निगरानी और मारक क्षमता का अभ्यास किया। इस अभ्यास को बुलंद भारत नाम दिया गया है। सेना की पूर्वी कमान ने बताया कि यह अभ्यास पूर्वी सेक्टर में सबसे ऊंचाई वाली आर्टिलरी रेंज में किया गया, जो लगभग एक महीने चला। इस अभ्यास में अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी कामेंग और तवांग जिलों में तैनात विशेष बलों और केंद्रीय सशस्त्र बलों के जवानों ने हिस्सा लिया। बुलंद भारत में आर्टिलरी और इंफैंट्री के बीच समन्वय, निगरानी और मारक क्षमता का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य युद्ध के समय ऊंचाई वाले दुर्गम इलाकों में दुश्मन से निपटने की तैयारी रखना है।

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों की शिकायतों के निपटारे के लिए जल्द लोकपाल नियुक्त करने को कहा है। यूजीसी ने कहा कि ज्यादा फीस वसूलने सहित तय समय-सीमा में दाखिला रद्द कराने के बाद भी फीस वापस न लौटाने और दाखिला प्रक्रिया में गड़बड़ी जैसे मामलों से निपटने के लिए नया नियमन (रेगुलेशन) तैयार किया गया है। सभी विश्वविद्यालयों को इसे तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कहा गया है। इस नियमन के तहत सभी विश्वविद्यालय नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले लोकपाल नियुक्त करें। नए नियमन के तहत लोकपाल को विद्यार्थी की शिकायत पर 30 दिन के भीतर फैसला करना होगा।

5 मई

एसएससी ने जारी किया एमटीएस परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट पेपर

● कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) और हवलदार परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट पेपर

जारी किए हैं। एसएससी ने कहा कि पहली बार यह परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी सहित कुल 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी। मॉक टेस्ट में कुल 270 नंबरों के 90 प्रश्न पूछे जायेंगे। एमटीएस ग्रुप- I में 60-60 अंकों के 20-20 सवाल होंगे। ये सवाल संख्यात्मक और गणित संबंधी होंगे। वहीं एमटीएस के दूसरे पेपर में सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी भाषा से संबंधित 25-25 सवाल पूछे जायेंगे। एसएससी ने बताया कि 90 सवालों को हल करने के लिए उम्मीदवारों को 90 मिनट का समय मिलेगा। वहीं निशक्तजनों के लिए यह समयसीमा 120 मिनट होगी।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने पृथ्वी से तीन गुना बड़े एक्सोप्लेनेट (बाहरी ग्रह) पर जलवाष्प का पता लगाया है। नासा ने बताया कि एक्सोप्लेनेट का नाम जीजे 486बी है। जेम्स बेब टेलीस्कोप काफी समय से इस एक्सोप्लेनेट का अध्ययन कर रहा है। इस एक्सोप्लेनेट की सतह का तापमान लगभग 430 डिग्री सेल्सियस है। इस एक्सोप्लेनेट पर जेम्स बेब टेलीस्कोप के नियर इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोग्राफ ने जलवाष्प के संकेतों का पता लगाया है। इससे साबित होता है कि जीजे486बी एक्सोप्लेनेट में झुलसा देने वाले वातावरण में जल हो सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))	रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com, वेबसाइट : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 19 08.05.2023 से 14.05.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राधवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कन्या विवाह योजना को सरकार ने दिया व्यवस्थित स्वरूप

भारतीय संस्कृति में विवाह को संस्कार माना जाता है। विवाह में केवल वर-वधू ही नहीं जुड़ते अपितु दो परिवार भी जुड़ते हैं और समाज भी साथ होता है। विवाह के बंधन में बंध रहे वर-वधू सुख-शांति से रहें, भगवान की कृपा उन पर बनी रहे, वर-वधू दोनों प्रेम से रहें और दोनों परिवारों के बीच भी प्रेम और सौहार्द बढ़ाएं, यही कामना है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बेटी को बोझ नहीं वरदान बनाने की दिशा में हमारा प्रयास है। परिवार को बेटी का विवाह बोझ न लगे, इस उद्देश्य से राज्य सरकार ने वर्ष 2006 में यह योजना आरंभ की। पिछले 16 साल में योजना में लाखों बेटियों के विवाह हुए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास जिले की जनपद पंचायत खातेगांव, नर्मदापुरम की जनपद पंचायत केसला, नरसिंहपुर की जनपद पंचायत चिचली, बैतूल की जनपद पंचायत आठनेर, धार की जनपद पंचायत नालछा और सागर की जनपद पंचायत राहतगढ़ में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलनों को भोपाल स्थित निवास कार्यालय समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं।

इस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में खातेगांव (देवास) में 501, केसला (नर्मदापुरम) में 353, चिचली (नरसिंहपुर) में 190, आठनेर (बैतूल) में 401, नालछा (धार) में 144 तथा राहतगढ़ (सागर) में 409 इस प्रकार कुल 1998 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में नव विवाहित जोड़े को चेक से 49 हजार रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। इससे बेटी और दामाद अपनी आवश्यकता और पसंद के अनुसार स्वयं सामग्री ले सकेंगे। यह नई गृहस्थी आरंभ करने के लिए भेंट है। राज्य शासन द्वारा विवाह की व्यवस्था की जा रही है। राज्य सरकार ने इस योजना को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन का प्रयास है कि बेटियों की आंखों में आंसू नहीं, चेहरों पर मुस्कान रहे। उन्होंने "मामा की दुआएं लेती जा - जा तुझको सुखी संसार मिले" गीत गुनगुनाकर नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 6 लाख 10 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ है। अब तक योजना में एक हजार 556 करोड़ रुपये का हितलाभ वितरित किया जा चुका है। योजना में 5 लाख 71 हजार, मुख्यमंत्री निकाह योजना में 20 हजार 772, कल्याणी विवाह योजना में 1,559 और निःशक्त जन विवाह योजना में 16 हजार से अधिक विवाह हुए हैं।

भारतीय जीवनपद्धति में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। बेटी के जन्म के साथ ही परिजनों के मन में बेटी के ब्याह का सपना जन्म लेता है। इस सपने को राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से साकार कर रही है। यह योजना गरीब, अहसास, जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान बन गई है। हाल ही में विदिशा जिले के गंजबासौदा में हुए विवाह समारोह में 154 जोड़े, जनपद पंचायत बैतूल में 1170, विकासखंड भीमपुर जिला बैतूल में 974, नवचंडी देवी धाम खण्डवा में 144 तथा नगर परिषद मुंदी में 790 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे हैं। इसके अलावा रतलाम जिले के मनोनिया महादेव, (आलोट विधानसभा क्षेत्र) में 235 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे हैं।

आज मध्यप्रदेश में जन्म लेने वाली बेटी लाड़ली लक्ष्मी है। उसे लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार ने गरीब बहनों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिये लाड़ली बहना योजना शुरू की है। बहनों के सशक्त होने से परिवार, प्रदेश और देश की उन्नति होगी।

ई-मेल से भी हो रहा पर्यावरण का नुकसान

आम धारणा यही है कि वाहनों और कल-कारखानों से पर्यावरण को बहुत नुकसान होता है, लेकिन फ्रांस में हुए एक शोध में, यह बात सामने आयी है कि पर्यावरण को बढ़ते इंटरनेट के उपयोग से भी नुकसान हो रहा है। इसके ज्यादा इस्तेमाल और मोबाइल डिवाइस की संख्या में वृद्धि से पर्यावरण में खतरनाक कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, इससे प्रदूषण बढ़ रहा है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि प्रतिदिन दुनियाभर में करीब 35 लाखों ई-मेल भेजे जाते हैं, एक दिन में ई-मेल से न्यूनतम 14 मैट्रिक टन कार्बन का उत्सर्जन किया जा रहा है। एक साधारण ई-मेल से 4 ग्राम और अगर ई-मेल के साथ फोटो या विडियो अटैच हो तो 50 ग्राम तक कार्बन का उत्सर्जन हो जाता है। एक बिजनेस ई-मेल यूजर हर साल 135 किलोग्राम कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन करता है। जो कि एक कार को लगभग 300 किलोमीटर तक चलाने से होने वाले उत्सर्जन के बराबर है। इंटरनेट के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण में हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन सालाना 4 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। गूगल, यूट्यूब और फेसबुक जैसे तमाम इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म अपने कंटेंट को स्टोर करने के लिए डाटा सर्वर का इस्तेमाल करते हैं। ये डाटा सर्वर इतने बड़े होते हैं कि एक दिन में यहां हजारों घरों के उपयोग के बराबर बिजली इस्तेमाल की जाती है। गूगल के सर्वर तो एक छोटे शहर की बिजली की खपत अकेले ही कर जाते हैं। ये कंपनियां सर्वर का साइज बढ़ा रही हैं। चूंकि बिजली को ज्यादातर कोयले या जीवाश्म ईंधन जैसे स्रोतों से तैयार किया जा रहा है। इस वजह से प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस | 3 मई

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बुनियादी मौलिक अधिकार है

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है और यह अन्य सभी मानव अधिकारों के उपभोग के लिए एक उत्प्रेरक अधिकार भी माना जाता है। इसी अधिकार के संरक्षण में प्रेस की भूमिका सबसे अहम होती है।

इसी भूमिका के उपयुक्त भाष्य के लिये विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रति वर्ष 03 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस का महत्व इसलिए और भी अधिक है क्योंकि वर्ष 2023 में सकल विश्व-प्रेस स्वतंत्रता दिवस की तीसवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र की इकाई यूनेस्को ने इसकी घोषणा की थी। प्रेस की स्वतंत्रता का आह्वान हुए समूचे तीन दशक बीत चुके हैं और इस बीच हमने दुनियाभर में स्वतंत्र प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति भी देखी है। कई देशों में स्वतंत्र मीडिया के प्रसार और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उदय ने सूचना के मुक्त प्रवाह को सक्षम भी बनाया है। हालांकि, मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं, जो अन्य मानवाधिकारों की पूर्ति को प्रभावित कर रहे हैं मगर प्रेस स्वातंत्र्य की अलख जगाये रखने के अनवरत प्रयास अभी भी जारी हैं।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के संकट और प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय कई संकटों का सामना करता है - संघर्ष और हिंसा की निरन्तर चुनौतियां, सामाजिक-आर्थिक असमानताएं , प्रवसन, पर्यावरणीय संकट और दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य और उनके कल्याण के लिये किये जाने वाले प्रयासों की राह में गंभीर चुनौतियां अनवरत समुदाय के सम्मुख होती हैं. साथ ही, लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को रेखांकित करने वाली संस्थाओं पर गंभीर आरोप के साथ गलत सूचनाओं का ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रसार होता रहता है। इस सबसे निपटने में प्रेस की भूमिका सबसे अहम होती है। इन महत्वपूर्ण स्थितियों और खतरों का मुकाबला करने के लिए ही प्रेस की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और सूचनाओं तक पहुंच को केंद्र में रखकर यह दिवस मनाया जाता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अनुच्छेद उन्नीस में प्रतिष्ठापित एक अहम शर्त है और अन्य सभी मानव अधिकारों के उपभोग के लिए एक अनुप्रेरक है। प्रेस की स्वतंत्रता के साथ-साथ इस दिन स्वतंत्र, बहुलवादी और विविध मीडिया के मुखर होने का आह्वान भी किया जाता है।

तीसवीं वर्षगांठ पर इस वर्ष विशेष सरमणोत्सव भी हुआ

यूनेस्को के आम सम्मेलन की सिफारिश के बाद दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया था। विंडहोक में हुए इस सम्मेलन में की गई घोषणा के परिपालन में ही दुनिया के अधिकांश देश प्रतिवर्ष 03 मई को घोषणा की वर्षगांठ को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं। घोषणा के तीस वर्ष बाद भी सूचना मांगने, प्रदान करने और प्राप्त करने की स्वतंत्रता और सार्वजनिक भलाई के बीच ऐतिहासिक सम्बन्ध आज भी उतना ही प्रासंगिक बना हुआ है जितना कि घोषणा

पर हस्ताक्षर के समय था। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान तीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर विशेष स्मरणोत्सव भी आयोजित किया गया। यह दिवस प्रेस स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करने की आवश्यकता के बारे में सरकारों को एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह प्रेस की स्वतंत्रता और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों के बारे में मीडिया पेशेवरों के बीच प्रतिबिम्बित अक्स की सही पहचान का भी दिन है, यह इस एक जरूरत को पहचान देने का दिन भी होता है। इस दिन प्रेस की स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों का जश्न मनाते हैं, दुनियाभर में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आंकलन करते हैं, मीडिया की स्वतंत्रता पर होने वाले हमलों से उसे बचाना और ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि भी देते हैं।

विश्व प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार तीन इरानी महिला पत्रकारों को

यूनेस्को और गिलर्मो कैनो संस्था विश्व प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार भी इस अवसर पर प्रदान करती है। वर्ष 1997 में स्थापित यह वार्षिक पुरस्कार एक ऐसे व्यक्ति, संगठन या संस्थान को प्रदान करते हैं, जिसने दुनिया में कहीं भी प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा और प्रचार या फिर रक्षा अथवा प्रचार में उत्कृष्ट योगदान दिया हो, खासकर तब जब ऐसा उसने खतरा उठाकर किया हो। इस पुरस्कार का नाम कोलम्बियाई समाचार पत्र एल एस्पेक्टाडोर के सम्पादक गुइलर्मो कैनो इसाज़ा के नाम पर रखा गया है, जिनकी 17 दिसम्बर, 1986 को बोगोटा में हत्या कर दी गई थी। कैनो देश के शक्तिशाली ड्रग बैरन के मुखर आलोचक थे। पुरस्कार स्वरूप विजेता को प्रशस्ति पत्र और पच्चीस हजार अमेरिकी डॉलर की सम्मान निधि भी प्रदान की जाती है।

संयुक्त राष्ट्र ने इस साल यह घोषणा की कि प्रेस स्वतंत्रता के लिए उसका प्रमुख पुरस्कार सच्चाई और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जेल में बंद तीन ईरानी महिला पत्रकारों को प्रदान किया जाता है। पुरस्कार विजेताओं में नीलोफर हमीदी, एलाहेह मोहम्मदी और नरगिस मोहम्मदी शामिल हैं। नीलोफर ने एक खबर के जरिए 22 वर्षीय महसा अमीनी के बारे में लोगों को अवगत कराया था, जिनकी पिछले साल सितंबर में मृत्यु हो गई थी। अमीनी को ठीक से हेडस्कार्फ न पहनने के लिए नैतिकता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। एलाहेह ने अमीनी के अंतिम संस्कार के बारे में लिखा था। अमीनी की मौत ने ईरान के शहरों में महीनों से चल रहे विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत कर दी। वर्ष 2009 के हरित आंदोलन के विरोध प्रदर्शनों के बाद से इस्लामिक गणराज्य को अमीनी की मौत के विरोध में प्रदर्शनों की भीषण चुनौती का सामना करना पड़ा जब कई लोग सड़कों पर उतर आये थे। तीसरी विजेता नरगिस मोहम्मदी ने एक पत्रकार के रूप में कई वर्षों तक काम किया। वह ईरान की प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक हैं।

विशिष्ट दिवस के क्रम में प्रेस स्वतंत्रता दिवस खास है

अंतर्राष्ट्रीय दिवस और सप्ताह मानव मात्र के कार्य व्यवहार की दैनन्दिन चिन्ता के मुद्दों पर जनता को शिक्षित करने, वैश्विक समस्याओं को दूर करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और संसाधनों को जुटाने और मानवता की उपलब्धियों का जश्न मनाने और सुदृढ़ करने का अवसर देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने का अस्तित्व संयुक्त राष्ट्र की स्थापना से पहले का है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें एक शक्तिशाली समर्थन उपकरण के रूप में अपनाया और आज हम संयुक्त राष्ट्र के अन्य पर्यवेक्षणों को भी चिन्हित करते हैं; संयुक्त राष्ट्र एक एजेंसी के रूप में शब्द और छवि द्वारा विचारों के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए एक विशिष्ट जनादेश के साथ, यूनेस्को प्रिंट, प्रसारण और ऑनलाइन में मुक्त, स्वतंत्र और बहुलवादी मीडिया को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इस विधा में मीडिया का विकास अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ाता है, और यह शान्ति, स्थिरता, गरीबी उन्मूलन और मानवाधिकारों में योगदान देता है। उसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।

प्रेस की स्वतंत्रता पर केन्द्रित होती है इस दिन की थीम

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस स्वातंत्र्य के किसी खास मुद्दे पर ध्यान दिये जाने के लिये प्रतिवर्ष इस दिवस की एक थीम तय की जाती है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम शेपिंग ए फ्यूचर ऑफ राइट्स : फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन फॉर ड्राइवर फॉर अदर ऑल ह्यूमन राइट्स रखी गई है जिसका मंतव्य है अधिकारों को ऐसा आकार दिया जाये कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार सभी मानव अधिकारों का अनुस्मारक हो। पिछले तीन वर्षों की थीम पर यदि हम विचार करें तो वर्ष 2022 की थीम डिजिटल घेराबंदी के तहत पत्रकारिता, वर्ष 2021 की थीम सूचना एक सार्वजनिक वस्तु के स्वरूप में और वर्ष 2020 की थीम - बिना किसी भय या पक्षपात के पत्रकारिता थी। मीडिया और सोशल मीडिया चैनलों पर यूनेस्को द्वारा भय या पक्षपात के बिना पत्रकारिता पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक वैश्विक अभियान भी शुरू किया गया था। उस वर्ष यूनेस्को ने 04 से 06 मई तक प्रेस की स्वतंत्रता पर उच्च-स्तरीय संवाद और कोविड-19 के सन्दर्भ में दुष्चार से निपटने के लिये वेबिनार और फेसबुक लाइव, यूट्यूब, और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से ऑनलाइन चर्चा सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये थे।

यूनेस्को ने न्यूयॉर्क शहर में गत 02 से 05 मई, 2023 तक वार्षिक विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी की। इस सम्मेलन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सूचना तक पहुंच और गोपनीयता, मीडिया की सुरक्षा और डिजिटल युग के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया।

राजा दुबे
(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019, परीक्षा दिनांक 19.09.2021 एवं राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019, परीक्षा दिनांक 19.03.2023 नॉर्मलाईजेशन पश्चात संशोधित पुनरीक्षित नवीन परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र.-960/11/2019/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक :- 26.04.2023**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-04/2019/14.11.2019, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 09.12.2019, (1) शुद्धि पत्र क्रमांक-01/03-04/2019 दिनांक 18.11.2019 (परीक्षा शुल्क के संबंध में), (2) शुद्धि पत्र क्रमांक-04/03/04/2019 दिनांक 09.12.2019 (अधिकतम आयु सीमा एवं ऑनलाइन आवेदन अवधि में वृद्धि की सूचना के संबंध में), के अंतर्गत सहायक वन संरक्षक के कुल-06 पदों राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 दिनांक 12.01.2020 को आयोजित की गई थी एवं इसका परिणाम दिनांक 21.12.2020 को जारी किया गया था। दिनांक 21.12.2020 को जारी प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों हेतु राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 दिनांक 19.09.2021 को आयोजित की गई थी। राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 का परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति क्र.-8656/11/2021/अनु.-10 दिनांक 31.12.2021 को घोषित कर साक्षात्कार आयोजन दिनांक 29.03.2022 को आयोजित किए गए थे। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.-542/2021 के निर्णय दिनांक 07.04.2022 राज्य सेवा परीक्षा-2019 के लिए पारित आदेश के परिपालन में आयोग द्वारा समान नीति का पालन करते हुए राज्य वन सेवा परीक्षा-2019 के प्रारंभिक परीक्षा का पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति क्रमांक-7821/05/2021/अनु.-10 दिनांक 10.10.2022 को जारी किया गया था। पूर्व घोषित राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 परिणाम दिनांक 21.12.2020 एवं राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 परिणाम दिनांक 31.12.2021 परीक्षा परिणाम निरस्त किए गए। तत्पश्चात डब्ल्यू.पी. 23828/2022 के निर्णय दिनांक 29.11.2022 में पारित आदेश के परिपालन में आयोग द्वारा राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 का संशोधित पुनरीक्षित परिणाम विज्ञप्ति क्र.-13040/05/2021/अनु.-10 दिनांक 13.01.2023 को घोषित किया गया। तदानुसार दिनांक 13.01.2023 के परिणाम में केवल नवीन अर्ह अभ्यर्थियों हेतु राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 19.03.2023 को किया गया।

02/ उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद
अनारक्षित (UR)	2
अनुसूचित जाति (SC)	1
अनुसूचित जनजाति (ST)	1
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	1
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	1
कुल	**6**

03/ राज्य सेवा परीक्षा-2019 के परिप्रेक्ष्य में माननीय न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक-23828/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं में पारित निर्णय दिनांक 29.11.2022 के अनुसार ही आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29.09.2022 में राज्य वन सेवा परीक्षा-2019 हेतु भी समान नीति लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। तदानुसार दिनांक 19.03.2023 को केवल नवीन अर्ह अभ्यर्थियों की राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019 का आयोजन किया गया।

04/ तदानुसार आयोग द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार पूर्व में आयोजित राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 दिनांक 19.09.2021 एवं राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019 दिनांक 19.03.2023 में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों पर विषय-विशेषज्ञों की समिति द्वारा प्रस्तावित नॉर्मलाईजेशन फॉर्मूले का उपयोग करते हुए संशोधित पुनरीक्षित नवीन लिखित परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है। इस संशोधित पुनरीक्षित नवीन लिखित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों में से केवल नवीन अर्ह अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का ही आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा परिणाम में शेष अर्ह अभ्यर्थी जो पूर्व में साक्षात्कार दिनांक 29.03.2022 में सम्मिलित हो चुके हैं ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के सीलबंद रखे गए प्राप्तांकों का उपयोग चयन परिणाम तैयार करने हेतु किया जाएगा।

05/ राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29.09.2022 के निर्णय में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए संशोधित पुनरीक्षित नवीन परीक्षा परिणाम दो भागों में है - (अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत के आधार पर) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु)। पूर्व आयोजित राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 दिनांक 19.09.2021 एवं राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019 दिनांक 19.03.2023 में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के नॉर्मलाईजेशन के पश्चात् **संशोधित पुनरीक्षित नवीन परीक्षा परिणाम** में साक्षात्कार हेतु मुख्य भाग-अ के लिए प्रावधिक रूप से अर्ह पाए गए कुल-19 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE FOREST SERVICE MAIN EXAM 2019 PART A (MAIN)
REVISED AFTER NORMALIZATIO

ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

S.No.	ROLL No.	S.No.	ROLL No.	S.No.	ROLL No.
1.	100004	8.	100023	15.	100071
2.	100009	9.	100026	16.	100072
3.	100015	10.	100027	17.	100076
4.	100016	11.	100042	18.	100078
5.	100017	12.	100045	19.	100083
6.	100018	13.	100062		
7.	100019	14.	100063		

प्रावधिक भाग-ब

राज्य वन सेवा परीक्षा-2019 में अन्य पिछड़ा वर्ग का 1 पद विज्ञापित किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर प्रकरण विचाराधीन है। **सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित दिशा-निर्देश 29.09.2022 को लागू करने पर भी राज्य वन सेवा प्रारंभिक-2019 का संशोधित पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम मुख्य भाग-अ तक ही सीमित रहेगा एवं प्रावधिक भाग-ब निरंक होगा।**

अभिलेख प्रेषित करने हेतु निर्देश :-

परिशिष्ट प्रपत्र-01

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर
विज्ञापन क्रमांक :- 04/2019 दिनांक 14.11.2019
पद/परीक्षा का नाम :- राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019

अभ्यर्थी का नाम :-.....आवेदन क्रमांक/अनुक्रमांक - .....

स.क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक पृष्ठों की कुल संख्या
1.	व्यक्तिगत विवरण-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
2.	अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
3.	हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
4.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
5.	स्नातक/स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
6.	शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
7.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा में विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी)-01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
8.	अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
9.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
10.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
11.	ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का आवेदक होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण-पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
12.	महिला आवेदकों हेतु विवाहोपरांत/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
13.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील, एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) **(म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे।)** (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
14.	शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
15.	**मुख्य भाग-87 प्रतिशत एवं प्रावधिक भाग-13 प्रतिशत के संबंध में अभिवचन पत्र** - उपरोक्त अभिवचन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
16.	अन्य कोई आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)		
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (शब्दों में)		

दिनांक..... **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :- .....**

06 उपरोक्तानुसार जारी संशोधित पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम में नवीन अर्ह अभ्यर्थी परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्नक पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर दिनांक 10.05.2023 तक आयोग, कार्यालय प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के दस्तावेज आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने दस्तावेज आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी राज्य वन सेवा परीक्षा-2019 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिन्होंने शासन द्वारा निर्धारित छूट का लाभ नहीं लिया है तथा जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. राज्य वन सेवा/राज्य वन सेवा विशेष परीक्षा-2019 के अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
4. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
6. राज्य वन सेवा/राज्य वन सेवा विशेष परीक्षा-2019 में साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रमाणिक मानी जाएगी।

शेष अगले पृष्ठ पर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र. 03 वर्ष 23-24 टेण्डर लिपिक **जबलपुर, दिनांक : 21.04.2023**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. मार्ग उप संभाग के अंतर्गत बरेला बलवारा जमुनिया मार्ग कुल लं. 2.50 कि.मी. एवं उमरिया से केवलारी मार्ग लं. 2.90 कि.मी. कुल लं. 5.40 कि.मी. का निर्माण कार्य।

ई-टेण्डर क्रमांक	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ईएमडी टेण्डर फीस एवं निविदा से संभावित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु
2023_PWDRB_269533_1	प्रथम	432.00	432000/-	15000/-	9 माह वर्षाऋतु छोड़कर	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर के प्रशासनिक भवन, गर्ल्स हॉस्टल नं. 2, आवासीय भवन क्र. एपी 05 से 10, ए-09 से 18 जी टाइप 1 से 12 में नवीनीकरण का कार्य, मरम्मत का कार्य, सीवर लाइन फाल्स सीलिंग एवं टरमाईट का कार्य। (डिपाजिट कार्य)

2023_PWDRB_269534_1	प्रथम	126.83	126830/-	12500/-	8 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर में सुलभ शौचालय ई/एम गेट आई टी डिपार्टमेंट में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य, हाई वोल्टेज बिल्डिंग एवं आई पी भवन में प्रोफाइल शीट फाल सीलिंग का कार्य एवं अन्य कार्य।

2023_PWDRB_269535_1	प्रथम	124.82	124820/-	12500/-	8 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर के मेकेनिकल विभाग एवं टीपीओ विभाग में प्रोफाइल एवं फाल सीलिंग का कार्य एवं भौतिकी विभाग टेलीकम्युनिकेशन विभाग एवं प्रशासनिक भवन में वाटर प्रूफिंग का कार्य मरम्मत कार्य पेंटिंग का कार्य एवं अन्य कार्य।

2023_PWDRB_269536_1	प्रथम	136.37	136370/-	12500/-	8 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. गोकलपुर रांझी स्थित जजेस बंगलों में शेड निर्माण कार्य, प्रोफाइल शीट का कार्य, टायलेट रेनोवेशन का कार्य एवं अन्य कार्य।

2023_PWDRB_269537_1	प्रथम	19.50	40000/-	2000/-	3 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. मार्ग उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गों में मार्ग मरम्मत का कार्य, कल्वर्ट में पीसीसी का कार्य एवं गार्ड वार्ल का कार्य एवं अन्य कार्य।

2023_PWDRB_269538_1	प्रथम	15.60	31200/-	2000/-	3 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. मार्ग उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गों में पेच रिपेयर का कार्य अर्थ वर्क शोल्डर का कार्य एवं अन्य कार्य।

2023_PWDRB_269539_1	प्रथम	19.90	40000/-	2000/-	3 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. मार्ग उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले अमझर पडरिया मार्ग एवं कुटराधुडी मार्ग में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।

2023_PWDRB_269540_1	प्रथम	9.90	20000/-	2000/-	3 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन
कुल योग -		**884.92**				

टीप :–

(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.05.2023 17.30 बजे तक** है। अन्य तिथियां एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-12213/48488/2023 **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.1 जबलपुर**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

7. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।
8. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं समान अन्य याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
9. राज्य वन सेवा/राज्य वन सेवा विशेष परीक्षा-2019 का परीक्षा परिणाम असंशोधित राज्य सेवा परीक्षा नियम-2015, दिनांक 02 नवम्बर 2015 के अनुसार जारी किया गया है।
10. आयोग के राज्य वन सेवा परीक्षा-2019/राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019 के साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों में से केवल नवीन अर्ह अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का ही आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा परिणाम में शेष अर्ह अभ्यर्थी जो पूर्व में साक्षात्कार दिनांक 29.03.2022 में सम्मिलित हो चुके हैं ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के सीलबंद रखे गए प्राप्तांकों का उपयोग चयन परिणाम तैयार करने हेतु किया जाएगा।
11. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार हेतु नवीन अर्ह अभ्यर्थी अपने अभिलेख दिनांक 10.05.2023 तक निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :–

प्रति,
सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया,

लिफाफे पर **राज्य वन सेवा/राज्य वन सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019** के साक्षात्कार हेतु अभिलेख अवश्य लिखें।

जी-12207/48487/2023 **उप परीक्षा नियंत्रक**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. - 07582-220840, ईमेल आईडी. - cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं. - 03/2023-24/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 25.04.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :–

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1.लो.नि.वि. उपसंभाग रहली के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित) कुल लंबाई 15.40 कि.मी.। कुल अनुमानित लागत 1433.82 लाख 1. पाटई से बहेरिया मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 6.00 कि.मी. अनु. लागत 566.53 लाख 2. एन.एच. 21 से रोसला खेडी मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 1.50 कि.मी. अनु. लागत 121.55 लाख 3. लुहागर नवलपुर मार्ग से मडिया अग्रसेन झूडा मार्ग का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित) लं. 7.90 अनुमानित लागत 745.72 लाख

पोर्टल टेंडर क्र.	निविदा आमंत्रण क्रमांक	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2023_PWDRB_270867_1	प्रथम आमंत्रण	सागर	1433.82	1000000/-	30000/-	18 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. लो.नि.वि. उपसंभाग रहली के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित) कुल लंबाई 5.50 कि.मी.। कुल अनुमानित लागत 986.81 लाख 1. रोन बलेह मार्ग मां हनुमंता मंदिर मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.20 कि.मी. अनु. लागत 149.07 लाख 2. गढाकोटा टेडिया बाबा मंदिर से हिनौता मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 1.50 कि.मी. अनु. लागत 275.52 लाख 3. बरपानी आपचंद धोची मार्ग का ऊन्नयीकरण निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 1.80 कि.मी. अनु. लागत 309.96 लाख 4. अटल सेतु से वर्मा मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 1.00 कि.मी. अनु. लागत 208.13 लाख।

2023_PWDRB_270868_1	प्रथम आमंत्रण	सागर	986.81	986810/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in**/पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 26.04.2023 समय 10.30 बजे से **दिनांक 10.05.2023 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता

जी-12256/48490/2023 **लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री

लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, अनूपपुर (म.प्र.)

एन.आई.टी. नं. :–13/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./906 **रीवा, दिनांक : 25.04.2023**

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए हो रहे हैं अद्भुत प्रयास - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग द्वारा अद्भुत प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए इन विभागों को मैं बधाई देता हूं। गुणवत्ता नियंत्रण का यह प्रयास अन्य विभागों में जारी रखा जाए। सड़कें खराब होने के पहले ही उनका पता कर सुधार के प्रयास हों। वर्षा काल में सड़कों के रख-रखाव के लिए बेहतर कार्य-योजना तैयार की जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में लोक निर्माण विभाग की सड़कों और एनएचएआई के नवीन संभावित प्रगति पथों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा-काल में यदि सड़कों पर गड्ढे दिखाई देते हैं तो प्राथमिकता से मरम्मत की जाए। विशेष गुणवत्ता निरीक्षण अभियान जारी रखा जाए और खराब गुणवत्ता पर त्वरित कार्यवाही की जाए। निर्माण कार्यों का सतत रूप से गुणवत्ता निरीक्षण किया जाए।

बताया गया कि विंध्य एक्सप्रेस-वे राजधानी भोपाल को सिंगरौली तक सीधे जोड़ेगा। इसकी लंबाई 676 किलोमीटर होगी।

अटल प्रोग्रेस-वे के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। नर्मदा एक्सप्रेस-वे के लिए भू-अर्जन की कार्यवाही प्रारंभ की जाना है। बुंदेलखंड विकास पथ भोपाल से छतरपुर तक 330 किलोमीटर का होगा। इंदौर रिंग रोड कुल 139 किलोमीटर का बनेगा। इसी तरह मालवा विकास पथ, मध्य विकास पथ, ग्वालियर-सागर रिंग रोड सहित अन्य रिंग रोड तथा प्रगति पथों के कार्यों की समीक्षा हुई।

आयुष सेवाओं के विस्तार के लिये अधोसंरचना विस्तार का किया जा रहा है काम

पच्चीस जिला आयुष कार्यालयों के नए भवन तैयार

भोपाल, मध्यप्रदेश में आयुष सेवाओं के विस्तार के लिये आयुष विभाग द्वारा अधोसंरचना के विकास एवं विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में 25 जिला आयुष कार्यालयों के नवीन भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही 58 आयुष औषधालयों के नवीन भवनों के निर्माण कार्य को भी पूरा किया गया है।

प्रदेश में सरकारी आयुष कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण के लिये करीब 20 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इस राशि से शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किये जायेंगे। प्रदेश में संचालित आयुष औषधालयों का उन्नयन कर 400 हेल्थ वेलनेस सेंटर प्रारंभ किये जा रहे हैं।

शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज रीवा के गर्ल्स हॉस्टल और रीवा जबलपुर के ओपीडी भवन का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। भोपाल के कलियासोत स्थित आयुष परिसर में शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय में 180 बिस्तरीय गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसे आगामी 3 माह में पूरा किये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग

योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का अध्ययन कराया जाए - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश के आकांक्षी जिलों में हुए कार्यों को नीति आयोग ने सराहा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग की बैठक को संबोधित करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता के अध्ययन के लिए एक केंद्र विकसित किया जाए। प्रभावशीलता के व्यवहारिक आकलन के लिए विश्वविद्यालयों और विकास संस्थान के विशेषज्ञों को जोड़ा जाए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के आलोक में मध्यप्रदेश में कारीगरों के उन्नयन और कौशल विकास के लिए रोडमैप तैयार हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग की चौथी बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

प्रदेश की प्रगति पर केंद्रित पुस्तिका का प्रकाशन किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग मत्स्य-पालन पर निर्भर हैं। अत: मध्यप्रदेश मत्स्य नीति और मत्स्य गतिविधियों पर पीपीपी मोड में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने संबंधी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। प्रदेश में जन सेवा मित्र बेहतर कार्य कर रहे हैं। इनकी गतिविधियों का विस्तार किया जाए। श्री चौहान ने अन्य राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिसेस को मध्यप्रदेश की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार चिन्हित कर उन्हें लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में जो योजनाएं और कार्यक्रम लोगों की जिंदगी बदलने में प्रभावी रहे हैं, उनका अध्ययन कर प्रदेश में उनके क्रियान्वयन की संभावनाओं पर विचार किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश की प्रगति पर केंद्रित पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जाए, इससे पिछले दशकों में प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र और अधोसंरचना में आए बदलाव की तथ्यात्मक जानकारी प्रदेशवासियों को मिल सकेगी।

जानकारी दी गई कि प्रदेश के आकांक्षी जिलों में हुए बेहतर कार्य को देखते हुए नीति आयोग द्वारा लगभग 71 करोड़ से अधिक की राशि राज्य सरकार को प्रदान की गई है। इसमें छतरपुर को सर्वाधिक 14 करोड़ 70 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। नीति आयोग द्वारा प्रदेश के आकांक्षी विकासखण्ड मॉडल का भी अध्ययन कराया गया है।

प्रदेश में डाटा क्षेत्र में सुधार के लिए गतिविधियां जारी हैं। जर्मनी और आयरलैंड में नर्सिंग क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए रोजगार के लिये अंतर्राष्ट्रीय कनेक्ट के अंतर्गत राज्य नीति आयोग, संबंधित देशों के दूतावासों के सम्पर्क में है। बैठक में राज्य नीति आयोग से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा हुई और अनुमोदन दिया गया।

शोधार्थी स्वयं टॉपिक तय करें, गाइड पर निर्भर न रहें - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, शोध को हमेशा से ही नौकरी पाने के परिप्रेक्ष्य से जोड़ा गया है। अनुसंधान की वजह ही मनुष्य की आंतरिक जिज्ञासा है। शोधार्थी अपनी जिज्ञासाओं के अनुरूप ही अपने विषय का चयन कर गाइड के पास जाएं। ये बात उच्च शिक्षामंत्री श्री डॉ. मोहन यादव ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट भोपाल में मध्यप्रदेश के युवा पीएच.डी. शोधार्थियों की दो दिवसीय पीएच.डी. संगोष्ठी का शुभारंभ कर संबोधित करते हुए कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में पीएच.डी. संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए।

डॉ. यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन में न सिर्फ शोधार्थियों बल्कि गाइड को भी शामिल करें। साथ ही गाइड के लिये भी संगोष्ठी हो, जिसमें विभिन्न विभागों के विषय-विशेषज्ञों को शामिल करें। डॉ. यादव ने कहा कि शोध कार्यों का प्रकाशन अब राज्य स्तर पर भी किया जाएगा।

संगोष्ठी एक बौद्धिक पर्व

अटल विहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवा शोधार्थियों के लिये एक परामर्श मंच देना है। यह एक बौद्धिक पर्व है। शोधार्थी आपस में संवाद करेंगे तो रिजल्ट में सुधार जरूर होगा। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी से विभिन्न विषय के अलग-अलग शोधकर्ता अपने विषयों पर विचार व्यक्त कर एक दूसरे से सीख सकते हैं। पीएच. डी. विषयों का चुनाव विकसित भारत को ध्यान में रख कर होना चाहिए। संगोष्ठी में 38 संस्थाओं के लगभग 180 शोधकर्ताओं ने पंजीयन कराया है।

फूड कमीशन ऑफ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रोफेसर व्ही.के. मल्होत्रा ने कहा कि किसी भी देश का रिसर्च उसके भूतकाल और भविष्यकाल पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि किसी भी नीति को बनाने में शोधकर्ताओं का कितना इनपुट होता है यह बड़ा सवाल है। आज के युवाओं के पास क्रिएटिव सोच और कंस्ट्रक्टिव हुनर है। हमें यह देखना होगा कि इनका योगदान हम किस रूप में ले सकते हैं। प्रोफेसर मल्होत्रा ने कहा कि रिसर्च मैथोडोलॉजी पर भी संवाद करना आवश्यक है।

आईएफएम के निदेशक डॉ. के. रविचन्द्रन ने कहा कि युवा पीएच.डी. शोधार्थियों के लिये इस तरह का आयोजन समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य आधारित कार्य में शोध महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनुसंधान सर्वोपरि है।

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने कहा कि शोधार्थी को सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि पीएच.डी. करने का उसका उद्देश्य क्या है। उन्होंने कहा कि नौकरी पाना पीएच.डी. का उद्देश्य होगा तो देश कभी तरक्की नहीं करेगा। अगर राष्ट्र निर्माण में कोई योगदान नहीं कर रहे हैं तो शोध करना निरर्थक है। प्रो. चक्रवाल ने कहा कि शोध मात्र 500 पन्नों की फाइल न हो बल्कि ऐसा जर्नल बन कर तैयार हो, जिसे दुनिया आपके नाम से जाने और आपके शोध कार्यों पर अमल हो।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
मुरैना, पन्ना, सिंगरौली, नीमच, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर एवं धार जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैंटियर की ख़बरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय ख़बरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

दिवाली पर

अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया में रहेगा आधिकारिक अवकाश

अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया राज्य में दिवाली को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया है। सीनेटर निकिल सावल ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। सीनेटर निकिल सावल ने कहा कि सीनेट ने सर्वसम्मति से दिवाली को आधिकारिक अवकाश के रूप में मान्यता देने के लिए मतदान किया। बता दें कि राज्य के सीनेटर ग्रेग गेथमैन और निकिल सावल ने इस साल फरवरी में पेन्सिलवेनिया में दिवाली को आधिकारिक अवकाश घोषित करने के लिए एक कानून पेश किया था।

जापान में

पहली बार गर्भपात की गोली को मिली मंजूरी

जापान में गर्भपात की गोली को मंजूरी दे दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक पैनल ने ब्रिटेन की लाइन फार्मा इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा निर्मित 'मेफीगो पिल' को मंजूरी दी है। हालांकि इसे स्वास्थ्य मंत्री की मंजूरी मिलनी बाकी है। लगभग 30 सालों से विदेशों में गर्भपात की गोलियों का उपयोग किया जाता रहा है। करीब 80 से अधिक देशों में गर्भपात की गोलियां उपलब्ध हैं। ऐसे में जापान की इस बात को लेकर हमेशा आलोचना होती रहती थी। बता दें, 1988 में इस तरह की गोली को मंजूरी देने वाला फ्रांस पहला देश था।

आईआईटी मद्रास

तंजानिया में स्थापित करेगा अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय परिसर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास तंजानिया के जांज़ीबार में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय परिसर स्थापित करेगा। अक्टूबर 2023 में यहां कक्षाएं शुरू करने की भी योजना है। यह अफ्रीका में स्थापित पहला IIT होगा। नए परिसर की स्थापना के बारे में चर्चा करने के लिए आईआईटी मद्रास के पांच प्रोफेसरों की एक टीम ने फरवरी में तंजानिया का दौरा किया था। तंजानिया में आईआईटी की स्थापना भारत और अफ्रीका के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू

बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने

बांग्लादेश के पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू देश के 22वें राष्ट्रपति नियुक्त किए गए हैं। स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने बंगभवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति पद के शपथ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि मोहम्मद अब्दुल हामिद का बतौर राष्ट्रपति का कार्यकाल हाल ही में समाप्त हो गया था। बता दें कि मोहम्मद शहाबुद्दीन को सत्तारूढ़ अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में इस साल फरवरी में निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया था।

डोमिनिक राब

ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डोमिनिक राब ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके खिलाफ डराने-धमकाने की औपचारिक शिकायत की गई है। इस मामले में उन पर जांच चल रही है। ऐसे में डोमिनिक राब ने लेटर लिखकर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अपने इस्तीफे की जानकारी दी। अपने पत्र में डोमिनिक राब ने कहा कि जांच पूरी होने तक वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं, लेकिन सरकार का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा अगर जांच में धमकाने का कोई भी पता चलता है तो मैं दोषी हूं। फिलहाल जांच प्रभावित न हो इसके लिए मैंने इस्तीफा दिया है।

अबू धाबी में

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक कार्यालय खोलेगा

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) अबू धाबी में अपना पहला विदेशी कार्यालय खोलेगा। AIIB ने अबू धाबी ग्लोबल मार्केट में अपना कार्यालय स्थापित करने के लिए एक समझौता किया है। सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और उत्पादक क्षेत्रों में निवेश करके एशिया में बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी में सुधार करने के मिशन के साथ 2016 में AIIB की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय चीन की राजधानी बीजिंग में है। वर्तमान में 100 से अधिक देश इसके सदस्य हैं।

अजीत कुमार मोहंती

परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष बने

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के निदेशक अजीत कुमार मोहंती को परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव के रूप में चुना गया है। मोहंती केएन व्यास की जगह लेंगे। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम की देखरेख और गैर-सैन्य उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग की खोज के लिए जिम्मेदार होंगे। अजीत कुमार मोहंती एक प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मोहंती की नियुक्ति को 66 वर्ष की आयु तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो के लिए मंजूरी दी है।

रजनीश कर्नाटक

बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ बने

रजनीश कर्नाटक को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया है। वह वर्तमान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। रजनीश तीन साल तक बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ की भूमिका निभाएंगे। रजनीश कर्नाटक को बैंकिंग क्षेत्र में काम करने का 29 वर्ष से अधिक का अनुभव है। वह अक्टूबर 2021 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बने थे। इससे पहले वह पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक पद पर थे।

सिद्धार्थ मोहंती

एलआईसी के चेयरमैन नियुक्त

सरकार ने सिद्धार्थ मोहंती को 29 जून 2024 तक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चेयरमैन नियुक्त किया है। 29 जून 2024 के बाद वह जून 2025 तक एलआईसी के सीईओ और एमडी रहेंगे। मोहंती जून 2025 में सेवानिवृत्त होंगे। बता दें, मोहंती एलआईसी के चार प्रबंध निदेशकों में से एक हैं। उन्हें मार्च में तीन महीने के लिए अंतरिम अध्यक्ष नामित किया गया था। एमडी के रूप में एलआईसी में शामिल होने से पहले मोहंती एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, जो देश के सबसे बड़े मॉरगेज फाइनेंसरों में से एक है।

पंकज सिंह

साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बने

नोएडा के विधायक पंकज सिंह साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। नैनीताल में आयोजित वार्षिक जनरल बॉडी मीटिंग में यह चुनाव संपन्न हुआ। बैठक में मनिंदर पाल सिंह को दूसरी बार फेडरेशन का सचिव, जबकि सुदीश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। चंडीगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश एवं अंडमान और निकोबार से एक-एक सदस्य को कार्यकारिणी में चुना गया है।

मारिया स्टेपानोवा ने

लीपज़िग बुक पुरस्कार जीता

बर्लिन में रहने वाली रूसी लेखिका मारिया स्टेपानोवा ने यूरोपीय समझ के लिए प्रतिष्ठित लीपज़िग बुक पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार उन्हें उनके कविता संग्रह 'गर्ल्स विदाउट क्लोथ्स' के लिए दिया गया, जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दमन को बढ़ावा देने वाली सत्ता की गतिशीलता को संवेदनशील रूप से दर्शाता है। मारिया का जन्म 1972 में मॉस्को में हुआ था। वह कवि, उपन्यासकार और पत्रकार हैं। ज्ञात हो, लीपज़िग बुक प्राइज़ एक प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार है, जो 1994 से यूरोपियन अंडरस्टैंडिंग के लिए प्रदान किया जाता है।

रतन टाटा

ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

दिग्गज उद्योगपति और टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है। इस बात की जानकारी देते हुए ऑस्ट्रेलिया के राजदूत बैरी ओ फेरेल ने कहा कि भारत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया में भी रतन टाटा का योगदान रहा है। उन्होंने ट्विटर पर फोटो के साथ एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि रतन टाटा बिजनेस, इंडस्ट्री और परोपकार के दिग्गज हैं। उनके योगदान का असर ऑस्ट्रेलिया में भी देखने को मिला है।

दलाई लामा को

सालों बाद व्यक्तिगत रूप से मिला रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को 26 अप्रैल 2023 को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार तिब्बती समुदाय के लिए संघर्ष करने और तिब्बती संस्कृति को प्रेरणा दिलाने के लिए दिया गया। दरअसल, उन्हें इस अवॉर्ड के लिए 1959 में चुना गया था, लेकिन तब वह पुरस्कार लेने नहीं जा सके थे। लेकिन अब 64 साल बाद रेमन मैग्सेसे की टीम हिमाचल स्थित दलाई लामा के घर पर उन्हें यह पुरस्कार देने पहुंची। बता दें, दलाई लामा को दिया जाने वाला यह पहला इंटरनेशनल अवॉर्ड था।

सोनम वांगचुक

संतोकबा मानवीय पुरस्कार से सम्मानित

नवाचारी और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक को प्रतिष्ठित संतोकबा मानवीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वांगचुक स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख के संस्थापक निदेशक हैं। इस पुरस्कार की शुरुआत श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स और श्री रामकृष्ण नॉलेज फाउंडेशन द्वारा की गई है। संतोकबा मानवीय पुरस्कार के पिछले विजेताओं में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा, नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, अंतरिक्ष वैज्ञानिक और पूर्व इसरो चेयरमैन ए.एस. किरण कुमार आदि शामिल हैं।

जेफ्री हिंटन

गूगल से दिया इस्तीफा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक माने जाने वाले जेफ्री हिंटन ने गूगल से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा कि जिस तकनीक को विकसित करने में उन्होंने मदद की उससे कई खतरे भी हैं। हिंटन ने कहा कि एआई के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को रोकना असंभव हो सकता है। जेफ्री हिंटन का जन्म 1947 में विम्बलडन में हुआ था। उन्होंने 1970 में कैम्ब्रिज से एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजी में बीए और 1978 में एडिनबर्ग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पीएच.डी. की डिग्री हासिल की है। बता दें, हिंटन 10 साल से ज्यादा समय तक गूगल के जुड़े रहे।

टी.एस. शिवगणनम

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

न्यायमूर्ति टी.एस. शिवगणनम को कलकत्ता उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। कानून मंत्रालय के न्याय विभाग ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की है। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इस साल फरवरी में उनके नाम की अनुशंसा की थी। न्यायमूर्ति शिवगणनम मद्रास उच्च न्यायालय से संबंधित हैं। उन्हें 31 मार्च 2009 को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 15 सितंबर 2025 है।

स्मृति शेष

भारतीय सर्कस के पितामह जेमिनी शंकरन का निधन

भारतीय सर्कस के पितामह कहे जाने वाले जेमिनी शंकरन का 99 साल की उम्र में निधन हो गया। भारतीय सर्कस को दुनियाभर में लोकप्रिय बनाने और पहचान दिलाने में शंकरन ने प्रमुख भूमिका निभाई। वह भारत के सबसे पुराने सर्कस कलाकार माने जाते हैं। उन्होंने एक सर्कस कलाकार के रूप में अपना कैरियर शुरू किया और देश-विदेश में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया। उन्हें एमवी शंकरन नाम से भी जाना जाता था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

(पृष्ठ 8 का शेष)

71	2023_WRD_270333	परकुल टेंक परियोजना के क्रोस रेग्युलेटर 2 नग जलद्वार के एस एस फिटिंग, रोलर असेम्बली की कास्टिंग मशीनिंग ईरेक्शन प्रदाय का कार्य।	भोपाल	2.16
72	2023_WRD_270334	परकुल टेंक परियोजना के क्रोस रेग्युलेटर 2 नग जलद्वार के एस एस फिटिंग, रोलर असेम्बली की कास्टिंग मशीनिंग, ईरेक्शन प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	1.88
73	2023_WRD_270335	कोंडरखाप बैराज के 11 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	11.77
74	2023_WRD_270337	बटकी महदपुर बैराज के 08 नग विभिन्न प्रकार जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	12.71
75	2023_WRD_270338	अंकरसी स्टाप डेम के 8 नग जलद्वार के प्रदाय का कार्य।	भोपाल	7.18
76	2023_WRD_270339	पीटोलबड़ी बैराज के 3 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	5.87
77	2023_WRD_270340	अमलवानी बैराज के 4 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	7.81
78	2023_WRD_270341	मंडलीबड़ी बैराज के 3 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	5.86
79	2023_WRD_270343	मरकाढाना बैराज के 5 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	4.48
80	2023_WRD_270344	काकरादरा बैराज के 3 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	5.86
81	2023_WRD_270345	भागोर बैराज के 4 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	7.42
82	2023_WRD_270346	अजंताड बैराज के 5 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	8.97
83	2023_WRD_270347	झिकरीबलवारी बैराज के 4 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	7.15
84	2023_WRD_270348	कुरदीपुरा बैराज के 5 नग जलद्वार के प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य कार्य।	भोपाल	8.92
85	2023_WRD_270350	मुख्तयार नगर बैराज के 13 नग जलद्वार के प्रदाय का कार्य।	भोपाल	11.41
86	2023_WRD_270439	हिडीबड़ी बैराज के 4 नग जलद्वार के प्रदाय का कार्य।	भोपाल	7.74
87	2023_WRD_270514	उपसंभाग आष्टा अन्तर्गत निर्मित 34 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सीहोर	19.87
88	2023_WRD_270516	धोघरा परियोजना उपसंभाग सीहोर के 50 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सीहोर	17.26
89	2023_WRD_270577	वि./यां. भारी मशीनरी उपसंभाग खण्डवा/भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	3.53
90	2023_WRD_270580	वि./यां. भारी मशीनरी उपसंभाग भोपाल हेतु वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	3.39
91	2023_WRD_270582	वि./यां. भारी मशीनरी उपसंभाग, उज्जैन/धार हेतु वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	3.39
92	2023_WRD_270646	बारछी बैराज, लिखरी स्टोरेज, कलमेश्वर स्टोरेज एवं सेरकाडोल स्टोरेज लघु जलाशयों का सर्वेक्षण कार्य।	बैतूल	2.31
93	2023_WRD_270690	अमवाही जलाशय का सुधार कार्य।	दमोह	2.06
94	2023_WRD_270692	दरोली जलाशय का सुधार कार्य।	दमोह	3.51
95	2023_WRD_270693	तेजगढ़ जलाशय का सुधार कार्य।	दमोह	3.50
96	2023_WRD_270696	नरगुवां जलाशय का सुधार कार्य।	दमोह	3.21
97	2023_WRD_270700	हूंटी बांयी तट नहर प्रणाली की मंगोलीकला वितरक नहर के चैन क्र. 362 से 581 में जमा मिट्टी निकालने एवं चैन क्र. 286 पर स्थित फाल का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	8.50
98	2023_WRD_270701	हूंटी बांयी तट नहर प्रणाली की विभिन्न चैन क्रमांक का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	7.94
99	2023_WRD_270702	हूंटी बांयी तट नहर प्रणाली की खैरी वितरक नहर की टेल मायनर की चैन क्र. 0 से 123 तक मरम्मत कार्य।	बालाघाट	3.42
100	2023_WRD_270704	पाथरी लघु जलाशय की मुख्य नहर के चैन क्र. 0 से 170 तक मरम्मत कार्य।	बालाघाट	4.04
101	2023_WRD_270705	भेड़की शाखा नहर की आमगांव वितरक नहर की गोंडीटोला मायनर के चेन क्र. 0 से 59 तक मरम्मत कार्य।	बालाघाट	5.98
102	2023_WRD_270831	कन्हान नदी ग्राम बीजागौरा नदी, ग्राम हिरदागढ़, जाम नदी ग्राम लोधीखेड़ा एवं पेंच नदी पर ग्राम पलटवाड़ा के पास जल प्रवाह मापन स्थल हेतु जल विज्ञानी आकड़े एकत्रीकरण का कार्य।	नर्मदापुरम्	19.08
103	2023_WRD_270888	उपसंभाग क्र. 3 नेपानगर के 5 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद तथा मरम्मत का कार्य।	बुरहानपुर	9.66
104	2023_WRD_270894	उपसंभाग क्र. 1 बुरहानपुर के 17 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद तथा मरम्मत का कार्य।	बुरहानपुर	7.96
105	2023_WRD_270896	कटनी के लघु जलाशयों में स्थापित विभिन्न आकार के 15 नग जलद्वारों का मरम्मत एवं अन्य कार्य।	सागर	2.09
106	2023_WRD_270897	छतरपुर के लघु जलाशयों में स्थापित विभिन्न आकार के 15 नग जलद्वारों का मरम्मत एवं अन्य कार्य।	सागर	1.96
107	2023_WRD_270931	पीपरताल जलाशय मुख्य बांध पद स्लूस का पुनर्निर्माण कार्य।	सिवनी	19.44
108	2023_WRD_270987	धोघरा परियोजना उपसंभाग, सीहोर के ग्राम चंदेरी से भगवानपुरा तालाब तक सर्विस रोड निर्माण कार्य।	सीहोर	11.23
		कुल योग		**669.07**

जी–12344/48495/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ई–मेल : cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 19/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2023) **भोपाल, दिनांक : 27.04.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2023_PWDRB_271610_1	भोपाल (संधा. सं.क्र.-2 भोपाल)	प्लान	मुख्य रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.-1 से राजेन्द्र नगर क्षेत्र भोपाल के मार्ग निर्माण कार्य। लंबाई 15.95 कि.मी.	प्रथम	1481.19	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।
			योग			**1481.19**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 12.05.2023 (17:30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-12325/48494/2023 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर (म.प्र.)

दुल्हा बादशाह रोड सीहोर, फोन नं. : 07562-222701

निविदा सूचना क्रमांक- 03/2023-24 **दिनांक : 01.05.2023**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	इलेक्ट्रॉनिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत किये जायें।
1.	2023_PWDRB_272527_1	सीहोर	सड़क कार्य	उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत टांडा से मेंडोरा मार्ग का निर्माण लं. 2.90 कि.मी.	प्रथम कॉल	170.98	केवल ऑनलाइन
2.	2023_PWDRB_272528_1	सीहोर	सड़क कार्य	ग्रुप-'जी' (1) सतोनिया से झागरिया मार्ग का निर्माण लं. 1.40 कि.मी. (2) खण्डल्या से पीरबटाऊ मार्ग का निर्माण लं. 2.90 कि.मी.	प्रथम कॉल	297.03	केवल ऑनलाइन
3.	2023_PWDRB_272529_1	सीहोर	सड़क कार्य	उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत सेवनिया पार्वती डेम मार्ग का निर्माण लं. 2.00 कि.मी.	प्रथम कॉल	153.64	केवल ऑनलाइन
4.	2023_PWDRB_272530_1	सीहोर	सड़क कार्य	ग्रुप-'के' (1) कोठरी से रसूलपुरा तक सड़क निर्माण लं. 7.30 कि.मी. (2) लसुड़िया पार से पाड़लिया तक सड़क निर्माण लं. 1.00 कि.मी.	प्रथम कॉल	496.86	केवल ऑनलाइन

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय **(Document Download/Sale End Date)** करने की **अंतिम तिथि 17.05.2023 (17:30)** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी–12491/48498/2023 **लो.नि.वि.सं. सीहोर, म.प्र.**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई–मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक- 989/2023-24/प्रमुख अभियंता/ई–टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 02.05.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.05.2023 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_273086	सहोद्रा बैराज, सतपाड़ा बैराज, हिनोतिया बैराज कम कॉजवे एवं कागपुर बैराज कम कॉजवे का मरम्मत कार्य।	विदिशा	280.67
2.	2023_WRD_273087	कागपुर बैराज कम कॉजवे से 600 मी. ऊपर तटबंध के संरक्षण का कार्य।	विदिशा	230.62
3.	2023_WRD_273088	सगड़ मध्यम परियोजना के स्पिल चैनल और सगड़ नदी पर जमा ओवर वर्डन सामग्री को हटवाने का कार्य।	विदिशा	37.97
4.	2023_WRD_273089	संजय सागर (बाह) मध्यम परियोजना अंतर्गत मुख्य नहर पर 2 नग इनलेट स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य।	विदिशा	37.36
5.	2023_WRD_273091	क्षतिग्रस्त नानकपुर बैराज कम कॉजवे का मरम्मत कार्य।	विदिशा	298.62

जी–12492/48499/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
सी.एस.टी.एस. भोपाल
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
जी सेक्टर, गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जे.के. रोड, भोपाल 462023 (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-4028622/23, ई-मेल : bhopal@cipet.gov.in / cipet.bhopal@gmail.com, वेबसाइट : www.cipet.gov.in

AITCE से मान्यता प्राप्त

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) 2023

अनुबद्ध एनसीवीटी सिलेबस

ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट : **https://cipet23.onlineregistrationform.org/CIPET/** पर उपलब्ध है।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रवेश योग्यता
1.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी)	3 वर्ष	कक्षा 10 उत्तीर्ण।
2.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी)	3 वर्ष	कक्षा 10 उत्तीर्ण।
3.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एन्ड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी)	2 वर्ष	विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री
4.	पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाइन विथ कैम / कंप्स (पीडी-पीएमडी विथ कैम/कंप)	1½ वर्ष	मैकेनिकल/प्लास्टिक्स/पॉलीमर/इल/इल एवं डाई मेकिंग/उत्पादन /मेक्ट्रोनिक्स/आटोमोबाइल/पेट्रोकेमिकल्स/औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या डी.पी.एम.टी./डी.पी.टी./या समकक्ष।

क्रम संख्या 1 व 2 पाठ्यक्रम वर्तमान केंद्र में भी उपलब्ध है।

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की महत्वपूर्ण तिथियाँ	ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि :-	24.02.2023
	ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :-	28.05.2023
	सिपेट प्रवेश परीक्षा 2023 की तिथि (कॉट :2023) :-	11.06.2023
	पाठ्यक्रमों की शुरुआत तिथि :-	अगस्त प्रथम सप्ताह 2023

उम्र की सीमा नहीं।
छात्रवृत्ति (शासन के नियमानुसार)
छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास

नोट: प्रवेश योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
विज्ञापन क्रमांक : CIPET/BPL/ADVT/23-24/06 R-48501/2023
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - 9713109460, 9726835057, 8887987463, 7869955238, 9425929097, 9131520467
ग्वालियर - 9478355969, 9893344859

एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय, टी.व्ही. टावर के पास, उद्योग भवन कटंगा, जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-एमपी आईडीसी/क्षे.का.ज./तक./2023/552 **जबलपुर, दिनांक 01.05.2023**
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पोर्टल **mptender.gov.in-MPIDC RO Jabalpur** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण	ब्यानरा राशि रु.	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य की राशि	कार्यावधि
औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव जिला छिंदवाड़ा में (कवर पिपला से रेडियल कलेक्टर वेल) सीमेंट कांक्रीट सड़क का कार्य।	रु. 0.79 लाख	रु. 11800.00 जी एस टी सहित	रु. 78.25 लाख	03 माह वर्षाकाल सहित

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। टेंडर डाक्यूमेंट उपरोक्त ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल **mptender.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड किये जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/109689/48504/2023 **कार्यकारी संचालक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
No./6740/GM(Tender)/WB/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 03.05.2023**

IFB No. 08-WB/2023

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Supply of Enforcement Equipment under Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) in Dhar, Indore and Datia as under :-

S. No.	District	Package No.	Description of Equipment/ Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of bid document including 18% GST	Consignee
1.	Dhar, Indore and Datia	Phase – 1	As per List attached in RFP	89350.00	11800.00	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **05.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/109733/2023 R-48505 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
No./6746/GM (Tender)/WB/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 03.05.2023**

IFB No. 06-WB/2023

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Supply of Enforcement Equipment under Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) in Dhar, Indore and Datia as under :-

S. No.	District	Package No.	Description of Equipment/ Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of bid document including 18% GST	Consignee
1.	Dhar, Indore and Datia	Phase–2A	As per List attached in RFP	30000.00	5900.00	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **05.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/109735/2023 R-48507 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

पीएच.डी. रिसर्च पेपर्स का होगा डिजिटलाइजेशन

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय समीक्षा करते हुए कहा है कि जल्द ही पीएच.डी. रिसर्च पेपर्स को डिजिटलाइज किया जायेगा। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और कॉपिंग नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पीएच.डी. गाइड्स के लिये भी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण संस्थान के सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

डॉ. यादव ने उच्च शिक्षा विभाग के 700 सहायक प्राध्यापकों, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारियों को परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि शेष बचे हुए आदेश भी शीघ्र निकालें। उन्होंने सीधी भर्ती प्राध्यापकों के समान ही पदोन्नत प्राध्यापकों को भी 10 हजार एपीपी प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। डॉ. यादव ने कहा कि विभाग से संबंधित लंबित प्रस्तावों को केबिनेट में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर जल्द कार्यवाही करें। वित्तीय कठिनाइयों के निराकरण के लिये वित्त मंत्री के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के सहयोग से प्रदेश के 75 चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों द्वारा विधानसभावार मतदान जागरूकता के संबंध में कैंप बेसलाइन सर्वे की कार्यवाही की जा रही है। इसमें कैम्पस के छात्रावास के विद्यार्थियों के भी मतदाता परिचय-पत्र बनाना सुनिश्चित किया जाये।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
No./6749/GM (Tender)/WB/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 03.05.2023**

IFB No. 7-WB/2023

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Supply of Enforcement Equipment under Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) in Dhar, Indore and Datia as under :-

S. No.	District	Package No.	Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of bid document including 18% GST	Consignee
1	Dhar, Indore and Datia	Phase–3	As per List attached in RFP	389300.00	17700.00	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **05.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/109736/2023 R-48508 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011

IFB No. 09 – WB/2023

No./6743/GM (Tender)/WB/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 03.05.2023**
Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Supply of Enforcement Equipment under Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) in Dhar, Indore and Datia as under :-

S. No.	District	Package No.	Description of Equipment/ Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of Bid Document Including 18% GST	Consignee
1.	Dhar, Indore and Datia	Phase-2	As per List attached in RFP	113750.00	14750.00	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **05.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/109734/2023 R-48506 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 1097
(PMGSY-III-Bridge) (PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

No./6566/22/D-12/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 01.05.2023**
Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below :

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1	Chhindwara	1	2	30314100.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **03.05.2023 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **19.05.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/109682/48502/2023 **(TENDER)**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति
भीकनगांव, जिला-खरगोन (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/निर्मा./2023-24/165 **भीकनगांव, दिनांक 02.05.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2023_MPSAM_272193 निविदा सिस्टम क्रमांक 2023_MPSAM_272199 निविदा सिस्टम क्रमांक 2023_MPSAM_272201 एवं निविदा सिस्टम क्रमांक 2023_MPSAM_272203 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक **29.05.2023** को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/109737/2023 R-48509 **सचिव**

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व है मंडला जिले की पहचान

मंडला, मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 01 नवंबर 1956 को किया गया था। प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित इस जिले के उत्तर-पूर्व में डिंडौरी जिला, पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य, दक्षिण में बालाघाट तथा पश्चिम में सिवनी जिला स्थित है। इतिहास में यह वीर गोंड रानी दुर्गावती और अवंतीबाई का शासन क्षेत्र रहा है।

जिले में स्थित कान्हा राष्ट्रीय उद्यान ना केवल मंडला का अपितु विश्व के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। बालाघाट जिले तक फैला यह उद्यान बाघों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। मध्यप्रदेश का पहला परमाणु बिजली घर मंडला जिले के चुटका गांव में निर्माणाधीन है। पुरातात्विक दृष्टि से जिले में कल्चुरीकालीन अवशेष, गोंडकाल के स्मारक तथा अन्य हस्तलिखित ग्रंथ तथा जीवाश्म उपलब्ध हैं। पूर्व में इस क्षेत्र को गोंडवाना और गढ़ मंडला भी कहा जाता था। यहां के 60 प्रतिशत निवासी गौंड़ जनजाति के हैं।

इतिहास

यह जिला नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ है और पास ही वह संगम है, जहां बंजर नदी का नर्मदा में विलय होता है। 1480 से पहले यह क्षेत्र महिष्मती के नाम से जाना जाता था। यह उस समय गोंडवाना भू-भाग का अंग हुआ करता था। 1480 ई. में यहां के शासक राजा संग्राम शाह मड़ावी बने, जिनके नाम पर ही इस जिले का नाम मंडला रखा गया है।

1564 में अकबर के एक कारिंदे आसफ शाह ने यहां पर हमला किया, जिसका तत्कालीन गोंड रानी दुर्गावती ने बहुत वीरता पूर्वक सामना किया लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। बाद में 1742 में यह क्षेत्र मराठाओं के अधीन आ गया था। सन 1818 में मंडला और अन्य मराठा क्षेत्रों को लेकर एंग्लो-मराठा युद्ध हुआ।

1861 ई. में यह क्षेत्र केन्द्रीय राज्य का हिस्सा बना और 1867 ई. में यहां पर नगर पालिका का गठन किया गया तथा उसके बाद इसे एक जिले की मान्यता प्रदान की गई थी। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद मंडला मध्य भारत के मध्यप्रदेश राज्य का एक हिस्सा बन गया।

अर्थव्यवस्था

नर्मदा नदी, मण्डला को तीन तरफ से घेरती है। जिसके कारण यहां की भूमि काफी उर्वर है। जिले का सबसे उपजाऊ हिस्सा बंजर नदी की घाटी में पड़ता है, जो नर्मदा की एक फीडर नदी है, यह हिस्सा 'हवेली' कहलाता है। 'हवेली' के दक्षिणी भाग का पहाड़ी इलाका घने जंगलों से घिरा है। धान, गेहूं और तिलहन जिले की मुख्य फसलें है। कोदो-कुटकी की खेती यहां विशेष रूप से की जाती है। लाख का उत्पादन, लकड़ी की कटाई, पान की खेती, पशुपालन, बेलमेटल का सामान, चटाई उत्पादन और रस्सी निर्माण यहां के लोगों का मुख्य रोजगार हैं। यहां वनोपज आधारित और जैविक उत्पाद भी बहुतायत में बनाए जाते हैं। मंडला जिले के वनोपज और जैविक उत्पादों ने प्रदेश भर में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है। यह जिला काष्ठशिल्प और टेराकोटा शिल्प के लिए भी प्रसिद्ध है। मंडला जिले के मनेरी में केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश का सबसे बड़ा लकड़ी चीरने का कारखाना स्थापित किया गया है। मंडला जिले में लौह-अयस्क के निक्षेप, मैंगनीज, बॉक्साइट और डोलोमाइट जैसे खनिज पाए जाते हैं।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवंबर, 1956
2. संभाग - जबलपुर
3. जिला मुख्यालय - मंडला
4. क्षेत्रफल - 5800 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 1,054,904 (पुरुष - 525,272 महिला – 529,633)
6. लिंग अनुपात - 1008
7. जन घनत्व - 182 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 66.87%
9. तहसीलें - 06 (मण्डला, निवास, नारायणगंज, घुघरी, बिछिया, नैनपुर)
10. विकासखंड - 9
11. ग्राम पंचायत - 490
12. ग्राम - 1221
13. नगर पंचायत - 3
14. नगर पालिका - 2
15. विधानसभा क्षेत्र - 3 (बिछिया, निवास और मंडला)
16. लोकसभा क्षेत्र - 01 (मंडला)
17. भाषा एवं बोली - हिन्दी , गोंडी (सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- मंडला जिले ने 100% साक्षरता का खिताब (literate district) अपने नाम किया है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिले को 100% साक्षर जिला घोषित किया है। 3 साल का समय और 4500 वॉलिंटियर के साथ मंडला जिले के 176000 लोगों को शिक्षित बनाया गया है। अब यह लोग साक्षर की श्रेणी में आते हैं।
- केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन काम करने वाला न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआईएल) मंडला जिले के चुटका गांव में 700 मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता के दो न्यूक्लियर प्लांट स्थापित करेगा। इससे कुल 1400 मेगावॉट बिजली पैदा होगी। यह मध्यप्रदेश का पहला परमाणु बिजली घर होगा। इसे 2031 तक स्थापित करने का लक्ष्य है।
- कान्हा टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। कान्हा को 1933 में अभ्यारण्य के तौर पर स्थापित कर दिया गया था। राष्ट्रीय उद्यान 1 जून, 1955 को और 1973 में कान्हा टाइगर रिजर्व बनाया गया था। आज यह दो जिलों मंडला और बालाघाट में 940 कि.मी. के क्षेत्र में फैला है। यह इसे मध्य भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान बनाता है। कान्हा टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए शीर्ष 10 प्रसिद्ध स्थानों में से एक हैं। वन विभाग ने इस उद्यान के लिए एक कार्ल्पनिक शुभंकर बनाया है, जिसका नाम "भूरसिंह बारहसिंगा" है। 1879-1910 ईसवी तक यह क्षेत्र अंग्रेजों के शिकार का स्थल था। यहां अनेक पशु पक्षियों को संरक्षित किया गया है। लगभग विलुप्त हो चुकी बारहसिंगा की प्रजातियां यहां के वातावरण में देखने को मिल जाती है।
- सहस्त्रधारा मंडला जिले का सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यहां प्राकृतिक सुंदरता के बीच नर्मदा नदी की धारा कई धाराओं में विभक्त होकर छोटे-बड़े जलप्रपात बनाती है। यहां नर्मदा की धारा काले ग्रेनाइट और बेसाल्ट पत्थरों की चट्टानों के बीच से कल-कल बहती हुई अति मनोहारी लगती है। यह स्थान बरगी बांध के भराव का आखिरी पॉइंट है। इस स्थान का पुराणों में भी उल्लेख मिलता है। सहस्त्रधारा में दो अति प्राचीन शिव मंदिर हैं।
- जिले में स्थित रामनगर किला, 17वीं शताब्दी के अंत में गोंड राजा हृदय शाह द्वारा बनवाया गया था। इस जल दुर्ग को सुरक्षा की दृष्टि से तीन ओर से नर्मदा नदी घेरे हुए है और चौथी ओर खाई बनी हुई है। इस किले को मोती महल के नाम से भी जाना जाता है। यहां से लगभग 3 कि.मी. दूर एक और किला बेगम महल है, जो कि रानी के सम्मान में निर्मित है।
- मंडला शहर से लगभग 18 कि.मी. दूरी पर प्रसिद्ध गरम पानी का कुंड या कुंआ है। जो अपने अनोखे सल्फर से समृद्ध पानी के कारण काफी लोकप्रिय है। यह स्थान प्राकृतिक रूप से सुंदर है। ऐसा माना जाता हैं कि कुंड के पानी से कुछ त्वचा रोगों का इलाज भी संभव है।
- मंडला जिले का ककैया गांव अजगरों के लिए प्रसिद्ध है। इस गांव में प्राकृतिक माहौल में बस्ती के निकट ही विशाल अजगर खुले में विचरण करते मिल जाएंगे। गांव में करीब सात एकड़ में फैली जमीन अंदर से 40 फीट तक खोखली है, जिसमें अजगरों के बिल बने हुए हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in

फोन- 0755-2767635, फैक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-987/2023-24/प्रमुख अभियंता/ई-टेडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 28.04.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.05.2023** को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_ 271522	सिंध परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत दांयी तट नहर (गहुअर नदी पश्चात) की शाखा नहर डी-8 की सर्विस बैंक पर आर.डी. 0.00 मी. से आर.डी. 11415 मी. तक डब्ल्यू. बी.एम. रोड का निर्माण कार्य।	शिवपुरी	141.64
2.	2023_WRD_ 271524	टर्न की पद्धति पर गंभीर एवं कान्ह नदी पर 04 घाटो (खागोद अंजना, खलखला, हरियाखेडी, एवं बडोदियाखान घाट) का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	इन्दौर	322.42
3.	2023_WRD_ 272161	उमेही नाला तालाब योजना के अंतर्गत नहर का शेष निर्माण कार्य।	पन्ना	150.32
4.	2023_WRD_ 272170	पुनर्वास स्थल बाण्दा का विकास कार्य।	नीमच	501.97
5.	2023_WRD_ 272173	शेखपुरा जलाशय का विशेष मरम्मत कार्य।	दमोह	86.08
6.	2023_WRD_ 272175	सागर जिले में महिया सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के.व्ही. ए.जी. एवं डी.एल. फीडरों के प्रतिस्थापन सहित ग्राम खेजरामाफी में 33/11 के.व्ही. नवीन विद्युत उपकेन्द्र के (05 एम.व्ही.ए.-पी. टी.आर.) स्थापना का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्यस्थल पर जी शेड्यूल, एवं इंचार्ज यंत्री के निर्देशानुसार।	सागर	512.01
7.	2023_WRD_ 272178	सागर जिले में बण्डा सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 33/11 के.व्ही. (उलदन) विद्युत उपकेन्द्र सहित 33 के.व्ही. व 11 के.व्ही. फीडरों के (ग्राम पाटन पर) प्रतिस्थापना का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्यस्थल पर जी शेड्यूल, एवं इंचार्ज यंत्री के निर्देशानुसार।	सागर	433.64
8.	2023_WRD_ 272179	ढीमरखेडा अंतर्गत महानदी वृहद परियोजना का सर्वेक्षण कार्य।	कटनी	29.61
9.	2023_WRD_ 272181	टर्न की पद्धति पर :- मूलपारा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	पन्ना	239.93
10.	2023_WRD_ 272182	टर्न की पद्धति पर :- सेवन तालाब पर मिट्टी के बांध (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	सागर	252.06
11.	2023_WRD_ 272212	मोहगांव मध्यम परियोजना जिला छिन्दवाड़ा की डूब में प्रभावित विद्युत लाईन से प्रभावित ग्राम टोला घोडकीढाना, नंदेवानी, मोहगांव में विद्युत लाईन बिछाने का कार्य।	नरसिंहपुर	48.12
12.	2023_WRD_ 272189	भागनी नाले पर गेबियन वॉल का निर्माण कार्य।	रायसेन	143.82

जी-12524/48500/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर को मिला ए-ग्रेड

भोपाल, मध्यप्रदेश के महाविद्यालय लगातार अच्छा प्रदर्शन कर नैक मूल्यांकन में बेहतर ग्रेड प्राप्त कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में सीहोर के शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय ने नैक मूल्यांकन में 3.12 सीजीपीए के साथ आगामी 5 वर्षों के लिये 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है।

नेक द्वारा 7 बिंदुओं पर महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें शासकीय चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय को केरीकूलर आस्पेक्ट्स में 3.55, टीचिंग, लर्निंग एंड इवेल्यूएशन में 3.03, रिसर्च इनोवेशन्स एंड एक्सटेंशन में 1.86, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड लर्निंग रिसोर्सेस में 3.4, स्टूडेंट सपोर्ट एंड प्रोग्रेशन में 3.5, गवर्नेंस लीडरशिप एंड मैनेजमेंट में 2.89 तथा इंस्टीट्यूशनल वेल्यूस एंड बेस्ट प्रेक्टिसेस में 3.8 औसत ग्रेड प्वाईंट प्राप्त हुए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाविद्यालय के प्राचार्य और प्रबंधन को नैक मूल्यांकन में ए-ग्रेड प्राप्त करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सुदृढ़ आधारभूत संरचना का निर्माण, वर्चुअल क्लासेस, इन्क्युबेशन सेंटर, ई-लायब्रेरी, जन-भागीदारी समिति का सशक्तिकरण, शोध-पत्रों एवं किताबों का प्रकाशन, सिम्पोजियम के साथ रोजगार एवं स्व-रोजगार के लिये प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के लिए मेले का आयोजन किया जाता है।

म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण

आयोग से संबंधित प्रश्न

प्रश्न 1. राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की स्थापना कब हुई?
(अ) 1950 (ब) 1949
(स) 1960 (द) 1965
उत्तर - (अ) 1950

प्रश्न 2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 148 किस संदर्भ में वर्णित है?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) सर्वोच्च न्यायालय
(स) निर्यंत्रक व महालेखा परीक्षक
(द) कोई नहीं
उत्तर - (स) निर्यंत्रक व महालेखा परीक्षक

प्रश्न 3. भारत में संघ लोक सेवा आयोग की स्थापना किस आयोग की सिफारिश पर हुई?
(अ) ली आयोग
(ब) क्रिप्स आयोग
(स) बटलर आयोग
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) ली आयोग

प्रश्न 4. म.प्र. लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(अ) सुशील सिंह
(ब) नरहरि राव
(स) डी.वी. रेगे
(द) अजीत रायजादा
उत्तर - (स) डी.वी. रेगे

प्रश्न 5. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) प्रधानमंत्री
(स) राज्य का राज्यपाल
(द) राज्य का मुख्यमंत्री
उत्तर - (स) राज्य का राज्यपाल

प्रश्न 6. भारत के प्रथम निर्वाचन आयुक्त कौन थे?
(अ) सुकुमार सेन
(ब) अरविंद सक्सेना
(स) नरहरि राव
(द) बी.पी. जोशी
उत्तर - (अ) सुकुमार सेन

प्रश्न 7. राज्य निर्वाचन आयोग का प्रावधान किस अनुच्छेद में है?
(अ) 243 (A)
(ब) 243 (K)
(स) 243 (B)
(द) 243 (H)
उत्तर - (ब) 243 (K)

प्रश्न 8. म.प्र. का निर्वाचन आयोग किन संस्थाओं के चुनाव संपन्न करवाता है?
(अ) संसद
(ब) विधानसभा
(स) स्थानीय निकाय
(द) अधीनस्थ न्यायालय
उत्तर - (स) स्थानीय निकाय

प्रश्न 9. लोक सेवा आयोग का प्रावधान संविधान के किस भाग में उल्लेखित है?
(अ) भाग 14 (ब) भाग 15
(स) भाग 16 (द) भाग 17
उत्तर - (अ) भाग 14

प्रश्न 10. संघ लोक सेवा आयोग का मुख्यालय कहां पर अवस्थित है?
(अ) दिल्ली (ब) मुम्बई
(स) चैन्नई (द) कोलकाता
उत्तर - (अ) दिल्ली

प्रश्न 11. निम्न में से कौन संवैधानिक निकाय नहीं है?
(अ) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
(ब) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
(स) राज्य अनुसूचित जाति आयोग
(द) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
उत्तर - (स) राज्य अनुसूचित जाति आयोग

प्रश्न 12. राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष कौन थीं?
(अ) वी. मोहिनी गिरी
(ब) पूर्णिमा आडवाड़ी
(स) जयंती पटनायक
(द) ओझा सिंह
उत्तर - (स) जयंती पटनायक

प्रश्न 13. निम्न में से किसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा नहीं की जाती है?
(अ) भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(ब) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष
(स) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
(द) नीति आयोग के अध्यक्ष
उत्तर - (द) नीति आयोग के अध्यक्ष

प्रश्न 14. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 6 सदस्यों (अध्यक्ष सहित कुल-7) में कुल कितनी महिलाएं होना आवश्यक है?
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) 4
उत्तर - (ब) 2

प्रश्न 15. म.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य कब तक पद धारण करते हैं?
(अ) 3 वर्ष 60 वर्ष की आयु तक
(ब) 3 वर्ष 65 वर्ष की आयु तक
(स) 5 वर्ष 70 वर्ष की आयु तक
(द) 6 वर्ष 65 वर्ष की आयु तक
उत्तर - (अ) 3 वर्ष 60 वर्ष की आयु तक

प्रश्न 16. किस संविधान संशोधन के तहत अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिये पृथक राष्ट्रीय आयोग के गठन का प्रावधान किया गया?
(अ) 62वां संविधान संशोधन
(ब) 65वां संविधान संशोधन
(स) 89वां संविधान संशोधन
(द) 90वां संविधान संशोधन
उत्तर - (स) 89वां संविधान संशोधन

प्रश्न 17. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) केन्द्र सरकार
(स) प्रधानमंत्री
(द) मंत्री परिषद
उत्तर - (अ) राष्ट्रपति

प्रश्न 18. सर्वप्रथम किस राज्य में लोकसेवा आयोग का गठन किया गया?
(अ) तमिलनाडु
(ब) पश्चिम बंगाल
(स) महाराष्ट्र
(द) केरल
उत्तर - (अ) तमिलनाडु

प्रश्न 19. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(अ) यू.एन. ढेबर
(ब) बुटा सिंह
(स) सूरज भान
(द) पी.एन. पुनिया
उत्तर - (स) सूरज भान

प्रश्न 20. केन्द्र तथा राज्यों के लेखाओं का प्रारूप कौन तैयार करता है?
(अ) CAG (ब) AG
(स) राष्ट्रपति (द) प्रधानमंत्री
उत्तर - (अ) CAG (सी.ए.जी.)

प्रश्न 21. भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक को किस आधार पर हटाया जाता है?
(अ) साबित कदाचार व असमर्थता
(ब) संविधान का उल्लंघन
(स) कर्तव्यों का पालन न करना
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) साबित कदाचार व असमर्थता

प्रश्न 22. निम्न में से किस आयोग की सिफारिश पर OBC को 27% आरक्षण दिये जाने की बात कही गई?
(अ) बी.पी. मंडल आयोग
(ब) काका कालेकर आयोग
(स) आर.एन. प्रसाद आयोग
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) बी.पी. मंडल आयोग

प्रश्न 23. भारत की प्रथम महिला मुख्य सूचना आयुक्त कौन थीं?
(अ) दीपक संधू
(ब) सुषमा सिंह
(स) सुषमा नाथ
(द) रंजना सोनावले
उत्तर - (अ) दीपक संधू

प्रश्न 24. केन्द्रीय सूचना आयोग का गठन किस वर्ष हुआ?
(अ) 2005 (ब) 2006
(स) 2007 (द) 2008
उत्तर - (अ) 2005

प्रश्न 25. भारत निर्वाचन आयोग को पहली बार तीन सदस्यीय आयोग कब बनाया गया?
(अ) 1988 (ब) 1989
(स) 1990 (द) 1993
उत्तर - (ब) 1989

प्रश्न 26. म.प्र. के मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य सूचना आयुक्त को हटाने का अधिकार है -
(अ) राष्ट्रपति
(ब) केन्द्र सरकार
(स) राज्यपाल
(द) राज्य सरकार
उत्तर - (स) राज्यपाल

प्रश्न 27. केन्द्रीय सतर्कता आयोग कितने सदस्यीय है?
(अ) एक सदस्यीय
(ब) तीन सदस्यीय
(स) पांच सदस्यीय
(द) 6 सदस्यीय
उत्तर - (ब) तीन सदस्यीय

प्रश्न 28. म.प्र. लोकसेवा आयोग द्वारा अपनी पहली परीक्षा कब आयोजित की गई?
(अ) 1956 (ब) 1957
(स) 1958 (द) 1959
उत्तर - (स) 1958

प्रश्न 29. म.प्र. खाद्य संरक्षण आयोग की स्थापना किस वर्ष की गई?
(अ) 2013 (ब) 2014
(स) 2016 (द) 2017
उत्तर - (द) 2017

प्रश्न 30. 102वां संविधान संशोधन के तहत किस आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया?
(अ) पिछड़ा वर्ग आयोग
(ब) महिला आयोग
(स) सूचना आयोग
(द) सतर्कता आयोग
उत्तर - (अ) पिछड़ा वर्ग आयोग

प्रश्न 31. सतर्कता आयोग की स्थापना किस समिति की अनुशंसा पर की गई?
(अ) संथानम समिति
(ब) बालकृष्णन समिति
(स) दवे समिति
(द) राधारमण समिति
उत्तर - (अ) संथानम समिति

प्रश्न 32. राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना कब की गई?
(अ) 18 अक्टूबर 2010
(ब) 24 अक्टूबर 2015
(स) 28 अक्टूबर 2012
(द) कोई नहीं
उत्तर - (अ) 18 अक्टूबर 2010

प्रश्न 33. खाद्य संरक्षण आयोग किस प्रकार का निकाय है?
(अ) संवैधानिक
(ब) सांविधिक
(स) संविधानेत्तर
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) सांविधिक

प्रश्न 34. राष्ट्रीय हरित अधिकरण का क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. के किस शहर में है?
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर
उत्तर - (अ) भोपाल

प्रश्न 35. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 12 अक्टूबर 1993
(ब) 10 अगस्त 1990
(स) 12 दिसंबर 1995
(द) 10 जुलाई 1993
उत्तर - (अ) 12 अक्टूबर 1993

प्रश्न 36. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की योग्यताएं हैं -
(अ) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश हो या अन्य न्यायाधीश है, या रहा हो
(ब) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश हो,
(स) सत्र न्यायालय का न्यायाधीश हो
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश हो या अन्य न्यायाधीश है, या रहा हो

प्रश्न 37. म.प्र. राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन होता है -
(अ) 1 अध्यक्ष व 2 सदस्य
(ब) 1 अध्यक्ष, 1 उपाध्यक्ष व 3 सदस्य
(स) 1 अध्यक्ष व 3 सदस्य
(द) ब व स दोनों
उत्तर - (अ) 1 अध्यक्ष व 2 सदस्य

प्रश्न 38. राज्य मानवाधिकार अयोग का मुख्यालय है -
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) भोपाल
उत्तर - (द) भोपाल

प्रश्न 39. भारत का निर्वाचन आयोग किस प्रकार की संस्था है?
(अ) संवैधानिक
(ब) सांविधिक
(स) संविधानेत्तर
(द) कोई नहीं
उत्तर - (अ) संवैधानिक

प्रश्न 40. रैगिंग, मतदान केन्द्र लूटना व हिंसा जैसे मामलों में निर्वाचन रद्द करेगा-
(अ) उच्चतम न्यायालय
(ब) राष्ट्रपति
(स) निर्वाचन आयोग
(द) प्रधानमंत्री
उत्तर - (स) निर्वाचन आयोग

प्रश्न 41. राज्य निर्वाचन आयोग के तहत पंचायतों की अवधि किस अनुच्छेद में है?
(अ) 243 (B)
(ब) 243 (C)
(स) 243 (D)
(द) 243 (E)
उत्तर - (द) 243 (E)

प्रश्न 42. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लोकसेवा आयोग के सदस्यों को हटाया जा सकता है?
(अ) Art. 315
(ब) Art. 316
(स) Article 317
(द) Article 318
उत्तर - (स) Article 317

प्रश्न 43. राज्य लोक सेवा आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट किसे देते हैं?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) राज्यपाल
(स) संसद
(द) विधानसभा
उत्तर - (ब) राज्यपाल

प्रश्न 44. लेखा परीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसके व्यय पर नियंत्रण करना होता है?
(अ) कार्यपालिका
(ब) व्यवस्थापिका
(स) न्यायपालिका
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) कार्यपालिका

प्रश्न 45. निम्न में से किस की लेखा संपरीक्षा पूरी तरह प्रत्यक्ष रूप से CAG द्वारा की जाती है?
(अ) ONGC
(ब) औद्योगिक वित्त निगम
(स) भारतीय खाद्य निगम
(द) LIC
उत्तर - (अ) ONGC

प्रश्न 46. म.प्र. योजना आयोग का गठन किस वर्ष किया गया?
(अ) 1961 (ब) 1968
(स) 1972 (द) 2005
उत्तर - (स) 1972

प्रश्न 47. राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग किन कारकों की जांच का कार्य करता है?
(अ) सांप्रदायिक हिंसा
(ब) प्राकृतिक आपदा
(स) अनैतिक व्यापार
(द) ये सभी
उत्तर - (द) ये सभी

प्रश्न 48. बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ?
(अ) 2009 (ब) 2004
(स) 2005 (द) 2006
उत्तर - (स) 2005

प्रश्न 49. राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किस वर्ष किया गया था?
(अ) 30 जनवरी 1992
(ब) 31 जनवरी 1992
(स) 31 जनवरी 1991
(द) 31 जनवरी 1990
उत्तर - (ब) 31 जनवरी 1992

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य अध्ययन

1. ग्वालियर प्रशस्ति किस शासक से संबंधित है?
अ. मिहिरकुल ब. अमोघ वर्ष
स. राजाभोज द. स्कन्दगुप्त
उत्तर- अ. मिहिरकुल

2. प्राचीनकाल से भारत में आक्रमणों के संबंध में सही कालक्रम क्या है?
अ. यूनानी- शक - कुषाण
ब. यूनानी - कुषाण - शक
स. शक - कुषाण - यूनानी
द. शक - कुषाण - यूनानी
उत्तर- अ. यूनानी - शक - कुषाण

3. गौतम बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश किस स्थान पर दिए?
अ. वैशाली में ब. श्रावस्ती में
स. कौशाम्बी में द. राजगृह में
उत्तर- ब. श्रावस्ती में
व्याख्या- महात्मा बुद्ध ने सर्वाधक उपदेश कौशल देश की राजधानी श्रावस्ती में दिए। प्रथम उपदेश सारनाथ में दिया।

4. 'ध्रुपद राग' के आविष्कारक कौन थे?
अ. तानसेन ब. बैजूबावरा
स. अमीर खुसरो द. राजा मानसिंह
उत्तर- द. राजा मानसिंह
व्याख्या- ग्वालियर में तोमरवंश के शासक राजा मानसिंह तोमर ने ध्रुपद गायन शैली का विकास किया तथा 'मानकुतूहल' नामक संगीत ग्रंथ की रचना की।

5. महाभारत के फारसी अनुवाद का शीर्षक है?
अ. अनवर-ए-सुहेली
ब. रज्मनामा
स. हश्त बहिश्त
द. अयार दानिश
उत्तर- ब. रज्मनामा

6. मध्यप्रदेश की सीमा गुजरात के किस जिले को स्पर्श करती है?
अ. सूरत ब. अहमदाबाद
स. भड़ौच द. बड़ोदरा
उत्तर- द. बड़ोदरा
व्याख्या- मध्यप्रदेश के अलीराजपुर और झाबुआ जिले गुजरात की सीमा को स्पर्श करते हैं।

7. सांची स्तूप किस काल से संबंधित है?
अ. कुषाणकाल से
ब. गुप्तकाल से
स. हर्षवर्धनकाल से
द. मौर्यकाल से
उत्तर- द. मौर्यकाल से

8. महात्मा गांधी किस वर्ष कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष बने?
अ. 1921 ई. में ब. 1922 ई. में
स. 1923 ई. में द. 1924 ई. में
उत्तर- द. 1924 ई. में
व्याख्या- महात्मा गांधी सिर्फ एक बार वर्ष 1924 में कांग्रेस के बेलगाम (कर्नाटक) अधिवेशन के अध्यक्ष बने थे।

9. किस आंदोलन के लिए महात्मा गांधी के द्वारा ''करो या मरो'' का नारा दिया गया था?
अ. पूर्ण स्वराज आंदोलन के लिए
ब. भारत छोड़ो आंदोलन के लिए
स. सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए
द. खिलाफत आंदोलन के लिए
उत्तर- ब. भारत छोड़ो आंदोलन के लिए

10. नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द सरकार की स्थापना किस वर्ष की?
अ. जुलाई, 1943 में
ब. सितम्बर, 1943 में
स. अक्टूबर, 1943 में
द. दिसम्बर, 1943 में
उत्तर- स. अक्टूबर, 1943 में
व्याख्या- अक्टूबर, 1943 में नेताजी ने आजाद हिन्द फौज के सर्वोच्च सेनापति के रूप में सिंगापुर में अस्थाई सरकार की स्थापना की।

11. पहला पंचायतीराज दिवस किस वर्ष घोषित किया गया?
अ. 2014 में ब. 2010 में
स. 1993 में द. 2000 में
उत्तर- ब. 2010 में
व्याख्या- तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल, 2010 को पहला पंचायतीराज दिवस घोषित किया।

12. निम्न में से कौन एक संवैधानिक संस्था नहीं है?
अ. संघ लोक सेवा आयोग
ब. नीति आयोग
स. वित्त आयोग
द. राज्य लोक सेवा आयोग
उत्तर- ब. नीति आयोग
व्याख्या- नीति आयोग की स्थापना 1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग के स्थान पर हुई।

13. निम्न में से संसद सदस्यों की अयोग्यता के संबंध में निर्णय कौन लेता है?
अ. सर्वोच्च न्यायालय
ब. लोकसभा अध्यक्ष
स. भारत के राष्ट्रपति
द. निर्वाचन आयोग
उत्तर- स. भारत के राष्ट्रपति

14. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अल्पसंख्यकों के हित निहित हैं?
अ. अनुच्छेद 15 में
ब. अनुच्छेद 24 में
स. अनुच्छेद 22 में
द. अनुच्छेद 29 में
उत्तर- द. अनुच्छेद 29 में

15. संविधान के किस अनुच्छेद के प्रावधानों के अंतर्गत भारत सरकार ने 'भारत रत्न' और 'पद्मश्री' को प्रारंभ किया?
अ. अनुच्छेद 15 में
ब. अनुच्छेद 16 में
स. अनुच्छेद 17 में
द. अनुच्छेद 18 में
उत्तर- द. अनुच्छेद 18 में

16. भारत के संविधान में 'जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' किस विषय के अंतर्गत हैं?
अ. राज्य सूची
ब. समवर्ती सूची
स. संघ सूची
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. राज्य सूची

17. 'परिवार सामाजिक जीवन की पाठशाला है' यह कथन किसने कहा?
अ. अरस्तू ने
ब. महात्मा गांधी ने
स. प्लेटो ने
द. राममनोहर लोहिया ने
उत्तर- अ. अरस्तू ने

18. सूर्य की किरणों को पृथ्वी तक पहुचने में लगभग कितना समय लगता है?
अ. 90 सेकण्ड ब. 180 सेकण्ड
स. 340 सेकण्ड द. 500 सेकण्ड
उत्तर- द. 500 सेकण्ड
व्याख्या- सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक पहुंचने में 8 मिनट 20 सेकण्ड का समय लगता है जबकि चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश पहुंचने में 1.34 सेकण्ड का समय लगता है।

19. दिन और रात कहां बराबर होते हैं?
अ. विषुवत रेखा पर
ब. ध्रुवों पर
स. मकर रेखा पर
द. अण्टार्कटिका पर
उत्तर- अ. विषुवत रेखा पर

20. विश्व में सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान कौन सा है?
अ. धार ब. सहारा
स. गोबी द. अटाकामा
उत्तर- ब. सहारा

21. वायु का लगभग कितना भाग ऑक्सीजन है?
अ. 1:5 ब. 1:4
स. 1:2 द. 2:5
उत्तर- अ. 1:5
व्याख्या- आयतन के अनुसार वायुमंडल में ऑक्सीजन लगभग 20.93% है, इस प्रकार लगभग 1:5 भाग पर ऑक्सीजन है।

22. नदी के प्रवाह को मापने के लिए निम्न में से किसका उपयोग होता है?
अ. ब्यूफोर्ट स्केल
ब. क्यूसेक
स. रिक्टर स्केल
द. एनीनोमीटर
उत्तर- ब. क्यूसेक

23. पश्चिमी विक्षोप के कारण उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होती है, उसका उत्पत्ति स्थल है?
अ. काला सागर
ब. कैस्पियन सागर
स. भूमध्य सागर
द. अरब सागर
उत्तर- स. भूमध्य सागर

24. जहां ऋतु के अनुसार पेड़ों की पत्तियां झड़ जाती हैं, उस वन को क्या कहते हैं?
अ. सदाबहार वन ब. शंकुधारी वन
स. पर्णपाती वन द. मेंग्रोव वन
उत्तर- स. पर्णपाती वन
व्याख्या- पर्णपाती वनों में पाये जाने वाले महत्वपूर्ण पेड़ साल, सागौन, पीपल, नीम एवं शीशम हैं।

25. निम्नलिखित में भारत के किस राज्य में कॉफी का सर्वाधिक उत्पादन होता है?
अ. केरल में ब. असम में
स. तमिलनाडु में द. कर्नाटक में
उत्तर- द. कर्नाटक में

26. कोयम्बटूर को 'दक्षिण भारत का मैनचेस्टर' क्यों कहा जाता है?
अ. ऑटोमोबाइल उद्योग के कारण
ब. कपास उद्योग के कारण
स. जूता उद्योग के कारण
द. रबर उद्योग के कारण
उत्तर- ब. कपास उद्योग के कारण

27. भारतीय चावल अनुसंधान केंद्र कहां स्थित है?
अ. हैदराबाद ब. नागपुर
स. कटक द. शिमला
उत्तर- स. कटक

28. आवृत्ति मापने की इकाई का नाम क्या है?
अ. फेरा ब. पॉइज
स. हर्ट्ज द. अर्ग
उत्तर- स. हर्ट्ज

29. दीवार से एक प्रति ध्वनि सुनने के लिए न्यूनतम दूरी क्या है?
अ. 17.2 मीटर ब. 16.6 मीटर
स. 20 मीटर द. 25 मीटर
उत्तर- ब. 16.6 मीटर

30. जब जल जमता है, तो उसका घनत्व?
अ. बढ़ता है ब. समान रहता है
स. घटता है द. शून्य हो जाता है
उत्तर- स. घटता है
व्याख्या- जब जल जमता है तो घनत्व घट जाता है तथा आयतन बढ़ जाता है।

31. निम्न में से किसका अपवर्तनांक सर्वाधिक होता है?
अ. वायु का ब. जल का
स. हीरा का द. कांच का
उत्तर- स. हीरा का

32. ट्रांसफार्मर किस सिद्धांत पर कार्य करता है?
अ. स्व-प्रेरण पर
ब. पारस्परिक प्रेरण पर
स. अन्योन्य प्रेरण पर
द. न्यूटन के सिद्धांत पर
उत्तर- स. अन्योन्य प्रेरण पर

33. निम्न में से कौन युग्म असत्य है?
अ. फाउंटेन पेन - लुईस ए. वाटरमैन
ब. अमीटर - जैकेरियस जैनसन
स. टेलीफोन - ग्राहम बेल
द. टेलीविजन - जे.एल.बेयर्ड
उत्तर- ब. अमीटर - जैकेरियस जैनसन
व्याख्या- अमीटर की खोज - फेड्रिक डेक्सलर

34. शुष्क सेल में प्रयुक्त कैथोड किसका है?
अ. तांबे का ब. लोहे का
स. चांदी का द. कार्बन का
उत्तर- द. कार्बन का

35. एप्सम लवण का औद्योगिक नाम क्या है?
अ. मैग्नेशियम सल्फेट
ब. फेरस सल्फेट
स. लेड ऑक्साइड
द. लेड पेरॉक्साइड
उत्तर- अ. मैग्नेशियम सल्फेट

36. दहन के लिए निम्नलिखित में से कौनसी गैस आवश्यक है?
अ. हाइड्रोजन ब. मीथेन
स. नाइट्रोजन द. ऑक्सीजन
उत्तर- द. ऑक्सीजन

37. कौनसी गैस चूना पानी को दूधिया बनाती है?
अ. ऑक्सीजन
ब. कार्बन डाईऑक्साइड
स. हाइड्रोजन
द. अमोनिया
उत्तर- ब. कार्बन डाईऑक्साइड

38. भारत में पाया जाने वाला कौन एक गैर धात्विक खनिज है?
अ. क्रोमाइट ब. बॉक्साइड
स. हेमेटाइट द. पाइरोफाइलाइट
उत्तर- द. पाइरोफाइलाइट

39. रेटिना पर नेत्र द्वारा निर्मित प्रतिविम्ब होता है?
अ. वास्तविक, उल्टा
ब. वास्तविक, सीधा, बड़ा
स. वास्तविक, सीधा, छोटा
द. अवास्तविक, उल्टा, छोटा
उत्तर- अ. वास्तविक, उल्टा

40. भ्रूण के किस चरण में शरीर के सभी अंगों की पहचान की जा सकती है?
अ. जाइगोट ब. फीट्स
स. एम्ब्रिओ द. ओवम
उत्तर- ब. फीट्स
व्याख्या- भ्रूण के फीट्स चरण के 12वें सप्ताह में शरीर के सभी अंगों की पहचान की जा सकती है। जिसमें बच्चे के विकास और बच्चे में होने वाली समस्याओं का पता लगाया जा सकता है।

41. निम्नलिखित में से किस खाद्य पदार्थ में उच्चतम प्रति ग्राम कैलोरी मान होता है?
अ. घी में ब. मक्का में
स. चावल में द. मांस में
उत्तर- अ. घी में

42. 'पेनिसिलिन' जिसे एन्टीबायोटिक के रूप में प्रयोग किया जाता है, प्राप्त किया जाता है?
अ. लाइकेन ब. कवक
स. शैवाल द. वैक्टीरिया
उत्तर- ब. कवक

43. क्षय रोग से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कौनसा टीका दिया जाता है?
अ. BCG ब. DPT
स. DT द. TT
उत्तर- अ. BCG
व्याख्या- BCG का प्रयोग टीबी (क्षय रोग) के खिलाफ प्रतिरक्षण हेतु किया जाता है।

44. बिरजू महाराज का संबंध किस शास्त्रीय नृत्य से है?
अ. कथकली ब. कथक
स. भारतनाट्यम् द. मणिपुरी
उत्तर- ब. कथक

45. मोहिनीअट्टम नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?
अ. ओडिशा ब. केरल
स. कर्नाटक द. तमिलनाडु
उत्तर- ब. केरल

46. वैश्विक स्तर पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया?
अ. 2 जुलाई, 2015
ब. 21 जून, 2015
स. 21 जून, 2014
द. 21 जून, 2016
उत्तर- ब. 21 जून, 2015

47. किस जिले के सुंदरजा आम को जी.आई. टैग प्राप्त हुआ?
अ. सीमा ब. अलीराजपुर
स. रीवा द. बालाघाट
उत्तर- स. रीवा

48. हिन्दी नाटक 'अंधेर नगरी' के रचयिता कौन हैं?
अ. मुंशी प्रेमचंद
ब. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
स. विक्रम सेठ
द. धर्मवीर भारती
उत्तर- ब. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

49. विडाल परीक्षण किसके लिए किया जाता है?
अ. हैजा के लिए
ब. मलेरिया के लिए
स. टाइफाइड के लिए
द. पीत-ज्वार के लिए
उत्तर- स. टाइफाइड के लिए

50. किसी वर्णान्ध व्यक्ति को निम्नलिखित रंगों में से किस रंग को पहचानने में कठिनाई होती है?
अ. हरा और बैंगनी
ब. हरा और लाल
स. सफेद और पीला
द. काला और नीला
उत्तर- ब. हरा और लाल

51. हैजा रोग से शरीर का कौनसा अंग प्रभावित होता है?
अ. त्वचा ब. आंत
स. फेफड़े द. हृदय
उत्तर- ब. आंत

- सुजय जैन
(लेखिक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

क्वांटम मिशन वाला दुनिया का सातवां देश बना भारत

केंद्र सरकार ने क्वांटम टेक्नोलॉजी आधारित आर्थिक विकास और भारत को इस क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए 'राष्ट्रीय क्वांटम मिशन' (NQM) को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 19 अप्रैल 2023 को 6,003.65 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ 2023-24 से 2030-31 तक के लिए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी प्रदान की गई है। केंद्र सरकार के अनुसार इससे वैज्ञानिक और औद्योगिक शोध एवं विकास कार्यों को मदद पहुंचाई जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा दिसंबर 2018 में साइबर-भौतिक प्रणालियों पर 3,660 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय मिशन की घोषणा के चार साल बाद अब नया मिशन आया है, जिसे 25 हब के माध्यम से निष्पादित किया जा रहा है।

अभी तक दुनिया में 6 देशों के पास है इससे जुड़ी तकनीक

केंद्र सरकार के इस दूरदर्शी कैसले को लेकर ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय क्वांटम मिशन दुनिया में भारत को एक बड़ी उपलब्धि प्रदान करेगा। अभी तक दुनिया में छह देशों के पास इससे जुड़ी तकनीक है, लेकिन ये सभी देश अनुसंधान एवं विकास चरण में हैं। उनमें से किसी ने भी क्वांटम तकनीक पर कोई अनुप्रयोग शुरू नहीं किया है। ऐसे में अब भारत भी इस तकनीक का उपयोग कर इन देशों की बराबरी करने जा रहा है।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का उद्देश्य क्या है?

इस मिशन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर लागू करेगा। इसका उद्देश्य इंटरमीडिएट स्तर के क्वांटम कंप्यूटर का विकास करना है। साथ ही सुरक्षित संचार व्यवस्था तैयार करना है। ये मिशन क्वांटम टेक्नोलॉजी आधारित आर्थिक विकास और भारत को इस क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने में सहयोग करेगा। इस विषय पर आगे बढ़ने से पहले यहां यह जानना जरूरी होगा कि आखिर ये क्वांटम टेक्नोलॉजी क्या है...?

क्या है क्वांटम टेक्नोलॉजी?

क्वांटम टेक्नोलॉजी क्वांटम सिद्धांत पर आधारित है, जो परमाणु और उप-परमाणु स्तर पर ऊर्जा और पदार्थ की प्रकृति की व्याख्या करती है। इसकी सहायता से 'डेटा' और 'इंफॉर्मेशन' को कम-से-कम समय में प्रोसेस किया जा सकता है।

क्वांटम प्रौद्योगिकी कंप्यूटिंग, संचार, साइबर सुरक्षा में व्यापक अनुप्रयोगों के साथ नई राहें खोलेगी। यह उम्मीद की जा रही है कि इस क्षेत्र में विकसित होने वाले सैद्धांतिक निर्माणों से बहुत सारे व्यावसायिक अनुप्रयोग सामने आएंगे। ऐसे में क्वांटम प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों पर राष्ट्रीय मिशन के लिए 8 साल की अवधि में करोड़ों रुपयों का परिव्यय किया जाएगा।

क्वांटम प्रौद्योगिकी/कंप्यूटिंग

क्वांटम प्रौद्योगिकी, क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसे 20वीं शताब्दी की शुरुआत में परमाणुओं और प्राथमिक कणों के पैमाने पर प्रकृति का वर्णन करने के लिए विकसित किया गया था। इस क्रांतिकारी तकनीक के पहले चरण ने प्रकाश तथा पदार्थ की अंत:क्रिया सहित भौतिक जगत के बारे में हमारी समझ विकसित करने के लिए आधार प्रदान किया और लेजर एवं अर्द्धचालक ट्रांजिस्टर जैसे आविष्कारों को बढ़ावा दिया। वर्तमान में क्वांटम प्रौद्योगिकी की एक दूसरी क्रांति देखी जा रही है जिसका उद्देश्य कंप्यूटिंग के क्षेत्र में क्वांटम यांत्रिकी के गुणों का प्रयोग करना है। इस मिशन के उद्देश्य की बात करें तो दूसरी क्वांटम क्रांति के बीच क्वांटम कंप्यूटिंग से जुड़ी तकनीकों का विकास करना और अमेरिका तथा चीन के बाद भारत को इस क्षेत्र में विश्व के तीसरे सबसे बड़े देश के रूप में स्थापित करना है, जिसके लिए भारत तैयारी कर चुका है।

क्वांटम टेक्नोलॉजी के चार डोमेन

1. क्वांटम कम्युनिकेशन
2. क्वांटम सिमुलेशन
3. क्वांटम कंप्यूटेशन
4. क्वांटम सेंसिंग एंड मेट्रोलॉजी

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत होंगे ये प्रमुख कार्य

नया मिशन सुपरकंडक्टिंग और फोटोनिक तकनीक जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों में 8 वर्षों में 50-1000 भौतिक क्यूबिट के साथ मध्यवर्ती पैमाने के क्वांटम कंप्यूटर विकसित करने का लक्ष्य रखता है। भारत के भीतर 2,000 किलोमीटर की सीमा में ग्राउंड स्टेशनों के बीच उपग्रह आधारित सुरक्षित क्वांटम संचार, अन्य देशों के साथ लंबी दूरी के सुरक्षित क्वांटम संचार, 2000 किलोमीटर से अधिक अंतर-शहर क्वांटम कुंजी वितरण के साथ-साथ क्वांटम मेमोरी के साथ मल्टी-नोड क्वांटम नेटवर्क भी मिशन के कुछ डिलिवरेबल्स में शामिल हैं।

यह मिशन सटीक समय, संचार और नेविगेशन के लिए परमाणु प्रणालियों और परमाणु घड़ियों में उच्च संवेदनशीलता के साथ मैग्नेटोमीटर विकसित करने में मदद करेगा। यह क्वांटम उपकरणों के निर्माण के लिए सुपरकंडक्टर्स, उपन्यास सेमीकंडक्टर संरचनाओं और टोपोलॉजिकल सामग्रियों जैसे क्वांटम सामग्रियों के डिजाइन और संश्लेषण का भी समर्थन करेगा। क्वांटम संचार, संवेदन और मेट्रोलॉजिकल अनुप्रयोगों के लिए एकल फोटॉन स्रोत/डिटेक्टर, एंटैंगल्ड फोटॉन स्रोत भी विकसित किए जाएंगे।

क्वांटम कम्प्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन, क्वांटम सेंसिंग और मेट्रोलॉजी और क्वांटम सामग्री और उपकरणों के डोमेन पर शीर्ष शैक्षणिक और राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में चार थीमैटिक हब (टी-हब) स्थापित किए जाएंगे। हब जो बुनियादी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के माध्यम से नए ज्ञान के सृजन पर ध्यान केंद्रित करेंगे और साथ ही उन क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देंगे जो उनके लिए अनिवार्य हैं।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन यानी कि NQM देश में प्रौद्योगिकी विकास पारिस्थितिकी तंत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्तर पर ले जा सकता है। इस मिशन से संचार, स्वास्थ्य, वित्तीय और ऊर्जा क्षेत्रों के साथ-साथ दवा डिजाइन और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों को बहुत लाभ होगा। यह डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को भारी बढ़ावा देगा। अनुसंधान संस्थानों और उद्योग से जुड़े आठ साल के मिशन में चार वर्टिकल होंगे- तीन क्वांटम कंप्यूटिंग, संचार और संवेदन पर और चौथा उपन्यास सामग्री और उपकरणों के विकास पर होगा जो तीन मुख्य कार्यक्रमों में सहायता करेगा।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन भारत को इस क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाने में मदद करेगा। अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्रांस, कनाडा और चीन के बाद भारत समर्पित क्वांटम मिशन वाला सातवां देश होगा।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- इस मिशन का मकसद क्वांटम टेक्नोलॉजी में वाइब्रेंट और इनोवेटिव इकोसिस्टम बनाना है। इससे क्वांटम टेक्नोलॉजी के नेतृत्व में आर्थिक विकास को गति मिलेगी।
- इस मिशन का टारगेट सुपरकंडक्टिंग और फोटोनिक टेक्नोलॉजी जैसे विभिन्न प्लेटफार्म्स में 8 सालों में 50-1000 क्यूबिट के साथ इंटरमीडिएट स्केल क्वांटम कंप्यूटर बनाने का है। इससे सटीक समय, कम्युनिकेशन और नेविगेशन के लिए एटॉमिक सिस्टम्स और एटॉमिक क्लॉक्स में हाई सेंसिटिविटी के साथ मैग्नेटोमीटर डेवलप करने में मदद मिलेगी।
- क्वांटम प्रौद्योगिकी का उपयोग शीघ्र ही रमन शोध संस्थान (आरआरआई) और भारतीय नौसेना द्वारा एक संयुक्त प्रयास में सुरक्षित सामुद्रिक संचार विकसित करने के लिए किया जाएगा।
- आरआरआई की क्वांटम इंफॉर्मेशन एंड कंप्यूटिंग (क्यूयूआईसी) लैब भारत की पहली प्रयोगशाला है, जो सिंगल और इंटैंगल्ड फोटोन का उपयोग करके, विशेष रूप से बैंकिंग, रक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सुरक्षित संचार की स्थापना करने की दिशा में अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला का इरादा रखती है और उसका कार्यान्वयन करती है।
- दूरसंचार विभाग ने हाल ही में 27-28 मार्च, 2023 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 'पहला अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम संचार सम्मेलन' आयोजित किया था।
- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) के सहयोग से सेना ने प्रौद्योगिकी के प्रमुख विकासशील क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए मेसर्स मध्यप्रदेश के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) में क्वांटम प्रयोगशाला की स्थापना की है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सामान्य ज्ञान – खेल

1. **इस वर्ष किस देश ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्डकप जीता है।**
(अ) भारत (ब) न्यूजीलैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) इंग्लैंड
2. **थॉमस बर्डिंच किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं।**
(अ) कनाडा
(ब) चेक रिपब्लिक
(स) सर्बिया
(द) बुल्गारिया
3. **वर्ष 2022 में इटैलियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है।**
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) राफेल नडाल
(स) डोमिनिक थिएम
(द) स्टेफनोस सितसिपास
4. **वन-डे इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।**
(अ) युवराज सिंह
(ब) सनथ जयसूर्या
(स) क्रिस गेल
(द) हर्शल गिब्स
5. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी का संबंध फॉर्मूला वन से है।**
(अ) शिवा केशवन
(ब) लक्ष्य सेन
(स) नारायण कार्तिकेयन
(द) इनमें से कोई नहीं
6. **वर्ल्ड बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की स्थापना किस वर्ष की गई थी।**
(अ) वर्ष 1904 (ब) वर्ष 1920
(स) वर्ष 1924 (द) वर्ष 1934
7. **इस वर्ष ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।**
(अ) केंटो मोमोटा
(ब) शी यूकी
(स) ली शिफेंग
(द) विक्टर एक्सेलसन
8. **हाल ही में पुर्तगाल की फुटबॉल टीम के कोच नियुक्त किए गए हैं।**
(अ) डेविड बेकहम
(ब) रॉबर्टो मार्टिनेज
(स) एंटोनियो कोंटे
(द) जोस मॉरिन्हो
9. **सलीमा टेटे किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।**
(अ) हॉकी (ब) मुक्केबाजी
(स) बैडमिंटन (द) क्रिकेट
10. **उसेन बोल्ट ने इनमें से किस स्पर्धा में ओलिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है।**
(अ) सौ मीटर दौड़
(ब) चार गुणा चार सौ मीटर रिले
(स) चार गुणा सौ मीटर रिले
(द) दो सौ मीटर दौड़
11. **इनमें से किस खिलाड़ी को वर्ष 2022 में डब्ल्यूटीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है।**
(अ) नाओमी ओसाका
(ब) ओंस जबेउर
(स) ईगा स्वितेक
(द) एश्ले बार्टी
12. **इस वर्ष इंडियन सुपर लीग का खिताब किस क्लब ने जीता है।**
(अ) एफसी मुंबई
(ब) चेन्नइयन एफसी
(स) केरेला ब्लास्टर्स
(द) एटीके मोहन बागान
13. **लुईस हैमिल्टन ने कितनी बार फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप जीती है।**
(अ) चार बार (ब) पांच बार
(स) सात बार (द) इनमें से कोई नहीं
14. **ऑस्ट्रेलिया ने किस देश को हराकर वर्ष 2015 में वन डे वर्ल्डकप जीता था।**
(अ) भारत
(ब) न्यूजीलैंड
(स) श्रीलंका
(द) दक्षिण अफ्रीका
15. **वर्ष 2023 में किस खिलाड़ी ने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन खिताब जीता है।**
(अ) जोनाथन क्रिस्टी
(ब) शी यूकी
(स) केई निशिमोटो
(द) पी कश्यप
16. **सीमा पूनिया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।**
(अ) कुश्ती (ब) एथलेटिक्स
(स) हॉकी (द) निशानेबाजी
17. **एफआईएच हॉकी प्रो लीग में किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा गोल दागे हैं।**
(अ) हरमनप्रीत सिंह
(ब) एलेक्जेंडर हैड्रिक्स
(स) टॉम बून
(द) थिएरी ब्रिंकमेन
18. **बिली जीन किंग कप किस खेल की एक वैश्विक प्रतियोगिता है।**
(अ) बास्केटबॉल (ब) फुटबॉल
(स) जिम्नास्टिक (द) टेनिस
19. **इस वर्ष की पहली फॉर्मूला वन रेस बहरीन ग्रांप्री किस रेसर ने जीती है।**
(अ) सर्जियो पेरेज
(ब) चार्ल्स लेकलर्क
(स) मैक्स वर्स्टपेन
(द) इनमें से कोई नहीं
20. **अपने पदार्पण वन-डे मैच में शतक बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं।**
(अ) विराट कोहली
(ब) सुरेश रैना
(स) युवराज सिंह
(द) के.एल. राहुल
21. **आईसीसी ने किसे वर्ष 2022 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना है।**
(अ) नेट साइवर ब्रंट
(ब) स्मृति मंधाना
(स) बेथ मूनी
(द) इमिलिया केर
22. **विंटर ओलिंपिक खेल-2022 में किस देश ने सबसे ज्यादा पदक जीते हैं।**
(अ) चीन (ब) डेनमार्क
(स) नॉर्वे (द) स्वीडन
23. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में हॉकी में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है।**
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) कनाडा
24. **इस वर्ष किस क्लब ने स्पेनिश सुपर कप का खिताब जीता है।**
(अ) बार्सिलोना (ब) रियल मैड्रिड
(स) सेविला (द) वेलेंसिया
25. **वर्ष 2022 में फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था।**
(अ) कुवैत (ब) सउदी अरब
(स) ईरान (द) कतर

उत्तर

1.(अ), 2.(ब), 3.(अ), 4.(द), 5.(स), 6.(द), 7.(स), 8.(ब), 9.(अ), 10.(ब), 11. (स), 12.(द), 13.(स), 14.(ब), 15. (अ), 16.(ब), 17.(अ), 18.(द), 19. (स), 20.(द), 21.(अ), 22.(स), 23. (ब), 24. (अ), 25. (द)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन टेस्ट टीम बना भारत

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर विश्व की नंबर वन टेस्ट टीम बन गई है। आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट टीम रैंकिंग में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष पायदान पर पहुंच गई। आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में भारत 121 रेटिंग अंकों के साथ पहले, ऑस्ट्रेलिया (116) दूसरे, इंग्लैंड (114) तीसरे, दक्षिण अफ्रीका (104) चौथे, न्यूजीलैंड (100) पांचवें, पाकिस्तान (86) छठवें, श्रीलंका (84) सातवें, वेस्टइंडीज (76) आठवें, बांग्लादेश (45) नौवें और जिम्बाब्वे (32) दसवें स्थान पर है। आईसीसी हर वर्ष एक मई को रैंकिंग अपडेट करता है। इस बार वार्षिक अपडेट में वर्ष 2019-20 सत्र के नतीजे हटा दिए गए हैं, वहीं मई 2020 के बाद खेली गई सीरीजों के नतीजे शामिल किये गए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी ट्वेंटी-20 टीम रैंकिंग में भी पहले स्थान पर है, जबकि आईसीसी वन-डे टीम रैंकिंग में टीम इंडिया दूसरे पायदान पर है।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली, भारतीय महिला हॉकी टीम चीन में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने बताया कि एशियाई खेलों की तैयारी के लिहाज से भारतीय टीम का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम एशियाई खेलों में पदक की दावेदार है। हॉकी इंडिया ने कहा कि भारतीय महिला टीम इस दौर पर ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम का यह दौरा 18 से 27 मई तक चलेगा। इस दौरान भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम से खेलेगी, वहीं अगले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया-ए टीम से भारतीय टीम का सामना होगा।

डिंग लिरेन ने जीती विश्व शतरंज चैम्पियनशिप

अस्ताना, चीन के डिंग लिरेन विश्व के नए विश्व शतरंज चैम्पियन बन गए हैं। लिरेन विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले चीनी ग्रैंडमास्टर है। इसके साथ ही लिरेन ने पिछले 10 वर्षों से चली आ रही नॉर्वे के शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन की बादशाहत को भी खत्म कर दिया है। कार्लसन वर्ष 2013 से विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीत रहे थे। लिरेन ने कजाखस्तान में आयोजित विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में रूस के इयान निपोमनिशी को हराकर चैम्पियनशिप का खिताब जीता। चैम्पियनशिप में 14 मुकाबलों के बाद स्कोर 7-7 से बराबर रहने के बाद विजेता का फैसला चार टाईब्रेकर रैपिड मुकाबलों से किया गया। टाईब्रेकर में शुरुआती तीन मुकाबले ड्रॉ रहे, जबकि चौथे और अंतिम रैपिड मुकाबले को लिरेन ने जीता।

एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप

चिराग और सात्विक की जोड़ी बनी चैम्पियन

दुबई, सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चैम्पियनशिप में पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। भारत ने 58 वर्ष बाद इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फाइनल मैच में मलेशिया के ओंग येव सिन और तेओ ईओ यी की जोड़ी को बेहद रोमांचक मुकाबले में 16-21, 21-17, 21-19 से हराया।

मैच में मलेशियाई जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत करते हुए पहले गेम में शुरुआत से बढ़त बनाई, जो अंत तक जारी रही। मलेशियाई जोड़ी ने पहला गेम 21-16 से जीता। दूसरे गेम में भी मलेशियाई जोड़ी ने 13-8 से बढ़त बना ली थी, इसके बाद सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पलटवार किया। सात्विक ने बैकहैंड पर जबरदस्त स्मैश लगाकर अंक अर्जित कर मैच का स्कोर बदल दिया। भारतीय जोड़ी ने यह गेम 21-17 से जीत कर मैच को बराबरी पर ला दिया। मैच के तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। भारतीय जोड़ी इस गेम में भी एक समय 11-15 से पिछड़ गई थी इसके बावजूद सात्विक और चिराग ने जबरजस्त प्रदर्शन करते हुए गेम 21-19 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी को वॉक ओवर मिला। किसी भी ग्रेड में नहीं रखा गया है, वहीं राजेश्वरी गायकवाड़ को ग्रेड-ए से ग्रेड-बी में रखा गया है। आईसीसी महिला वन-डे विश्वकप 2022 और आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करने वाली रेणुका सिंह को ग्रेड-सी से ग्रेड-बी में अपग्रेड किया गया है।

- एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भारत ने दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता है।
- इससे पहले वर्ष 1965 में दिनेश खन्ना ने पुरुष एकल वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।
- सात्विक और चिराग एशियन चैम्पियनशिप में युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी है।
- सात्विक और चिराग की जोड़ी थॉमस कप में स्वर्ण और विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी है।
- यह भारतीय जोड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में एक स्वर्ण और एक रजत पदक भी जीत चुकी है।

नेपाल ने किया एसीसी एशिया कप के लिए क्वालिफाई

कीर्तिपुर, नेपाल की क्रिकेट टीम ने इस वर्ष आयोजित होने वाले एसीसी एशिया कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नेपाल ने एसीसी प्रीमियर कप का खिताब जीतकर एशिया कप का टिकट कटाया है। नेपाल की टीम पहली बार एशिया कप में जगह बनाने में सफल हुई है। एशिया कप में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें से भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान पहले ही क्वालिफाइ कर चुकी हैं, वहीं नेपाल इस टूर्नामेंट की छठवीं टीम होगा। नेपाल ने प्रीमियर कप के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 7 विकेट से हराया।

सर्जियो पेरेज ने जीती अजरबेजान ग्रांप्री रेस

बाकु, मैक्सिको के कार रेसर सर्जियो पेरेज ने अजरबेजान ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। रेस में रेडबुल टीम के पेरेज और मौजूदा विश्व चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन के बीच कड़ी टक्कर दिखी। पेरेज ने 51 लैप की इस रेस को एक घंटा 32 मिनट और 42.436 सेकेंड में पूरा किया। रेस में वर्स्टापेन दूसरे, चार्ल्स लेकलर्क तीसरे, फर्नांडो अलोंसो चौथे और कार्लोस सेंज पांचवें स्थान पर रहे। इस सत्र में अब तक चार रेस आयोजित हुई हैं, इनमें वर्स्टापेन और पेरेज ने दो-दो रेस जीती है। इस जीत के साथ पेरेज दो बार अजरबेजान ग्रांप्री रेस जीतने वाले पहले रेसर बन गए हैं।

बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटरों के लिए जारी किया सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष क्रिकेटरों के बाद अब महिला क्रिकेटरों के लिए भी वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक अनुबंध (सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट) जारी कर दिया है। बीसीसीआई ने कहा कि सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में शामिल खिलाड़ियों को ए, बी और सी ग्रेड में रखा गया है। ग्रेड-ए में खिलाड़ियों को 50 लाख रुपये, ग्रेड-बी में खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये और ग्रेड-सी में खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये वार्षिक दिये जाते हैं। इस बार ग्रेड-सी में कई नए चेहरों को शामिल किया गया है।

इस बार सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में 17 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछले वर्ष सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में ग्रेड-ए में जगह बनाने वाली पूनम यादव को इस बार

- **ग्रेड-ए** - हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा।
- **ग्रेड-बी** - रेणुका सिंह ठाकुर, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज।
- **ग्रेड-सी** - मेघना सिंह, देविका वैद्य, एस मेघना, अंजलि शरवानी, पूजा वस्त्राकार, स्नेह राणा, राधा यादव, हरलीन देओल और वास्तिका भाटिया।

मैराज और गनीमत की जोड़ी ने विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

काहिरा, भारतीय निशानेबाज मैराज अहमद खान और गनीमत सेखो की जोड़ी ने मिस्र में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन विश्वकप 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। मैराज और गनीमत की जोड़ी ने स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में यह पदक अपने नाम किया।

स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में मैराज और गनीमत की जोड़ी ने मैक्सिको के लुइस राउल गैलार्डो ओलिवरोस और गैब्रिएला रोड्रिग्ज की जोड़ी को 6-0 से हराया। स्पर्धा में गैब्रियल रॉसेटी और सिमोना स्कोशेढ़ी की इटैलियन जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।

स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 150 में से 143 अंक अर्जित कर फाइनल राउंड में जगह बनाई। क्वालिफिकेशन राउंड में मैक्सिकन जोड़ी ने भी 143 अंक हासिल किए थे। फाइनल राउंड में मैराज और गनीमत की जोड़ी के सामने मैक्सिकन जोड़ी टिक नहीं सकी। भारतीय जोड़ी ने फाइनल राउंड में 6-0 के स्कोर के साथ जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मैराज ने पिछले वर्ष दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्वकप में स्कीट में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। गनीमत ने भी दूसरी बार आईएसएसएफ विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2021 में स्वर्ण पदक जीता था। जीत दर्ज करने के बाद मैराज ने कहा कि हमारे पास स्कीट में बेहतरीन टीम है। हम पेरिस ओलिंपिक में फाइनल राउंड में पहुंच सकते हैं।

सुमित नागल बने

एटीपी रोम चैलेंजर के चैम्पियन

रोम, भारत के युवा टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने इटली में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एटीपी रोम चैलेंजर खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में सुमित ने नीदरलैंड्स के जैस्पर डि जोंग को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। सुमित भारत के शीर्ष एकल रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। सुमित ने लगभग चार वर्ष बाद कोई एटीपी खिताब जीता है। सुमित चोट के कारण काफी समय से टेनिस कोर्ट से बाहर थे।

पिछले दो वर्ष से चोट के कारण प्रोफेशनल टेनिस से दूर रहे सुमित को इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए क्वालिफायर राउंड से गुजरना पड़ा। इसके बावजूद सुमित ने बेहतरीन खेल दिखाया और लगातार सात मैच जीतकर खिताब पर कब्जा किया। सुमित ने टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेलते हुए पहले राउंड में इटली के फ्रांसेस्को मास्तरेली को हराया, इसके बाद दूसरे राउंड में सुमित ने इटली के ही फॉस्तो तबाको को मात दी। क्वार्टर फाइनल में सुमित की भिडंत नीदरलैंड्स के मैक्स होकेस से हुई, जबकि सेमीफाइनल में सुमित ने जोरिस डे लूर को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

- सुमित यूरोपियन क्ले कोर्ट पर एटीपी चैलेंजर टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं।
- सुमित के टेनिस करियर का यह तीसरा एटीपी चैलेंजर खिताब है।
- सुमित वर्ष 2015 में जूनियर विम्बलडन एकल खिताब जीत चुके हैं।

फाइनल मुकाबले में सुमित ने अपने से 100 पायदान ऊपर रैंकिंग वाले जोंग को महज एक घंटा 42 मिनट में ही हरा दिया। फाइनल मैच से पहले जोंग को जीत का दावेदार माना जा रहा था। सुमित ने मैच के पहले सेट में ही जोंग की रणनीति को ध्वस्त करते हुए लगातार अंक बटोरकर जोंग को दबाव में ला दिया। हालांकि जोंग ने वापसी के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन वे सुमित की सर्विस ब्रेक नहीं कर सके। सुमित ने पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरे सेट में भी सुमित जोंग पर पूरी तरह हावी रहे। सुमित ने जोंग को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और लगातार अंक अर्जित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

श्रीलंका ने टेस्ट क्रिकेट में जीता 100वां मैच

गाले, श्रीलंका ने टेस्ट सीरीज में आयरलैंड को 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। श्रीलंकाई टीम ने सीरीज के दूसरे मैच में आयरलैंड को पारी और 10 रन से हराया। वे टेस्ट क्रिकेट में श्रीलंका की 100वीं जीत है। मैच में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 492 रन बनाये। आयरलैंड के लिए कर्टिस कैंफर ने 111 और पॉल स्टर्लिंग ने 103 रन बनाये। इसके जवाब में श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने रनों का पहाड़ खड़ा करते हुए पहली पारी में 704 रन बनाये। श्रीलंका के लिए कुशल मेंडिस (245) और निशान मदुष्का (205) ने दोहरा शतक और दिमुथ करूणारत्ने (115) तथा एंजेलो मैथ्यूज (100) ने शतकीय पारी खेली। पहली पारी में 212 रनों की बढ़त लेने के बाद श्रीलंकाई टीम ने दूसरी पारी में आयरिश टीम को 202 रन पर समेट दिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

केन्द्रीय पुलिस बलों के भोजन में शामिल किया जायेगा श्री अन्न

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 को ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र

पुलिस बलों (CAPFs) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) कर्मियों के भोजन में मिलेट (श्री अन्न) को शामिल करने का एक अभूतपूर्व निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के आह्वान पर सभी बलों के साथ गहन चर्चा के बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के भोजन में 30% मिलेट (श्री अन्न) शामिल किया गया है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के विभिन्न अवसरों और समारोहों आदि में भी श्री अन्न का व्यापक उपयोग किया जाएगा, साथ ही बलों द्वारा मिलेट व्यंजन बनाने वाले प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से श्री अन्न आधारित व्यंजन तैयार करने के लिए रसोइयों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी

मन की बात कार्यक्रम लोगों के गुणों से सीखने का माध्यम है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्रोताओं को बधाई दी और कहा कि मन की बात कार्यक्रम उन सबसे जुड़ा है और उनकी ही भावनाओं की अभिव्यक्ति है। श्री मोदी ने मन की बात के श्रोताओं का उनके पत्रों और संदेशों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रेम से वे कई बार भावुक हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम अन्य लोगों के गुणों से सीखने का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

- **मन की बात कार्यक्रम की यात्रा तीन अक्टूबर 2014 को विजयदशमी के दिन शुरू हुई थी।**

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मन की बात में उठाया गया हर विषय एक जन आन्दोलन बन गया। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, खादी के लिए प्रेम, आजादी का अमृत महोत्सव और अमृत सरोवर जैसे विषयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा किए गए मन की बात कार्यक्रम की चर्चा पूरे विश्व में हुई थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों का

उल्लेख मन की बात कार्यक्रम में हुआ है वे नायक हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम को जीवंत बनाया है। उन्होंने 40-40 वर्षों से निर्जन पहाड़ी और बंजर भूमि में पौधे लगा रहे और जल संरक्षण के लिए 30 वर्षों से बावड़ियां और तालाब खोद रहे लोगों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने 25-30 वर्षों से निर्धन बच्चों को पढ़ा रहे और गरीबों के उपचार में मदद कर रहे लोगों की प्रशंसा की। मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने इनमें से कुछ नायकों से बातचीत भी की और उनकी जारी यात्रा के बारे में जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात के माध्यम से अनेक जन आन्दोलन शुरू हुए और गति पकड़ी। उन्होंने खिलौना उद्योग, भारतीय नस्ल के श्वानों के बारे में जानकारी बढ़ाने, हर घर तिरंगा जैसे अभियानों का उदाहरण दिया। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे प्रत्येक उदाहरण समाज में बदलाव लाने का माध्यम बने हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने में मन की बात कार्यक्रम, माला के उस धागे की तरह है जो प्रत्येक मनके को एक साथ जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सद्भाव, सेवा और कर्तव्य भावना के साथ हमेशा आगे बढ़ा है। यह सकारात्मकता अमृत काल में देश को आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के कर्मियों का आभार व्यक्त किया जो धैर्य के साथ कार्यक्रम को रिकार्ड करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को तेजी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने वालों का भी आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने दूरदर्शन और माई जीओवी के कर्मियों तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रति भी कृतज्ञता जताई जो बिना किसी कमर्शियल ब्रेक के कार्यक्रम प्रसारित करते हैं।

सूडान संकट

सैन्य गुटों में संघर्ष के बाद एक लाख से अधिक लोगों ने किया पलायन

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सूडान में पिछले महीने की 15 तारीख से प्रतिद्वंद्वी सैन्य गुटों के बीच संघर्ष के बाद से एक लाख से अधिक लोग सूडान से पलायन कर चुके हैं। तीन लाख चौंतीस हजार से अधिक लोग देश के भीतर ही विस्थापित हैं। सूडान में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कोऑर्डिनेटर अब्दो डिंग के अनुसार दो हफ्ते से अधिक के भीषण गृह युद्ध के कारण देश के मानवीय संकट ने भारी आपदा का रूप ले लिया है। इस बीच, राजधानी खारतूम में सेना और पैरा-मिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के बीच युद्ध विराम पर सहमति के बावजूद लड़ाई जारी है। संकट का समाधान करने और युद्धरत गुटों को वार्ता के लिए राजी करने



के राजनयिक प्रयास जारी हैं। दक्षिणी सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि सेना और आरएसएफ के बीच सात दिन के नए युद्ध विराम के बारे में सैद्धांतिक रूप से सहमति हो गई है, जो कल से लागू होगा। दोनों ने वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधि भेजने का भी वायदा किया है। यदि बातचीत होती है तो संघर्ष शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के बीच यह पहली बैठक होगी।

संयुक्त राष्ट्र में यूनिसेफ के

दो उप कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के उप कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएं देने के लिए दो नये सहायक महासचिव नियुक्त किये। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नीदरलैंड्स की किटी वैन डेर हेजडेन को साझेदारी के लिए उप कार्यकारी निदेशक तथा लेबनान के एडवर्ड चैबन को मानवीय कार्रवाई एवं आपूर्ति संचालन के लिए उप कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। दोनों वर्तमान उप कार्यकारी निदेशकों की जगह लेंगे। महासचिव और यूनिसेफ ने उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया है। सुश्री किटी 2019 से अपने देश के विदेश मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उनके पास विश्व संसाधन



संस्थान में अफ्रीका और यूरोप के उपाध्यक्ष एवं निदेशक के रूप में काम करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए राजदूत तथा विदेश मंत्रालय में जलवायु, ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल निदेशक के रूप में काम करने का भी अनुभव है। उन्होंने नीदरलैंड के इरास्मस विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की है और उन्हें फ्रेंच के साथ डच और अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान है। श्री चैबन ने यूनिसेफ में विभिन्न नेतृत्व पदों पर काम किया है, जिनमें मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के क्षेत्रीय निदेशक, कार्यक्रमों के निदेशक, आपातकालीन कार्यक्रमों के निदेशक और इथियोपिया, सूडान तथा श्रीलंका में प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में कोविड-19 वैक्सीन कंट्री-रेडीनेस एंड डिलीवरी के लिए यूनिसेफ के वैश्विक प्रमुख समन्वयक के रूप में काम किया है। उनके पास टफ्ट्स विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान और राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री तथा अमेरिका में जॉर्ज टाउन विश्वविद्यालय से विकास और अरब अध्ययन में मास्टर डिग्री है। उन्हें अंग्रेजी, फ्रेंच और अरबी भाषा का अच्छा ज्ञान है।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का दौरा

मालदीव को तेज गश्ती जहाज और लैंडिंग क्राफ्ट आक्रमण जहाज सौंपा

मालदीव की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) को एक तेज गश्ती जहाज और एक लैंडिंग क्राफ्ट आक्रमण जहाज सौंपा। फास्ट पेट्रोल वेसल उच्च गति पर तटीय और अपतटीय निगरानी में सक्षम है और उसे एमएनडीएफ के तट रक्षक जहाज 'हुरवी' के रूप में कमीशन किया गया। इस अवसर पर मालदीव के राष्ट्रपति श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और रक्षा मंत्री सुश्री मारिया अहमद उपस्थित थे।



श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों 'मेड इन इंडिया' प्लेटफार्मों का सौंपा जाना हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति और सुरक्षा के प्रति भारत और मालदीव की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत ने एक मजबूत रक्षा इकोसिस्टम के माध्यम से भागीदार देशों की क्षमता निर्माण को और ज्यादा समर्थन देने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत हाल के वर्षों में एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में उभरा है। हम न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए, बल्कि निर्यात के लिए भी विश्वस्तरीय उपकरणों का उत्पादन करते हैं। भारत मैत्रीपूर्ण देशों को एक बेहतर रक्षा साझेदारी प्रदान करता है, जो उनकी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और क्षमताओं के अनुरूप है। हम सहजीवी संबंध बनाना चाहते हैं।

विश्व बैंक

बांग्लादेश को दो अरब डॉलर से अधिक की मदद देगा

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष डेविड मलपास ने ढाका में बंगलादेश और विश्व

- **बांग्लादेश और विश्व बैंक के बीच भागीदारी के 50 वर्ष पूरे।**

बैंक के बीच 50 वर्ष की भागीदारी के पूरे होने का जश्न मनाया। ढाका स्थित विश्व बैंक कार्यालय के बयान के अनुसार 50 वर्ष की भागीदारी ने लाखों बांग्लादेशियों को गरीबी से उबारने तथा देश के आर्थिक विकास और उन्नति में मदद की है। विश्व बैंक ने बांग्लादेश को क्षेत्रीय संपर्क में सुधार करने, अंतर्देशीय बाढ़ से निपटने के लिए आपदा तैयारी को बढ़ावा देने, हरित और जलवायु-अनुकूल विकास के लिए, पर्यावरण प्रबंधन और हरित निवेश को मजबूत करने और सूक्ष्म उद्यमों की मदद, क्षेत्र में प्रदूषण को कम करने तथा जलवायु-अनुकूल करने के लिए विश्व बैंक ने पिछले वर्ष 2.25 अरब डॉलर का वित्तपोषण प्रदान किया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।